उज्जैन
शनिवार
15
अगस्त, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-283
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




### स्वतंत्रता दिवस पर पीएम मोदी ने फहराया तिरंगा, 21 तोपों की सलामी दी गई

# लाल किले पर पहली बार वंदे मातरम गाया

## दिमागी नक्सलियों को पहचानें, ये समाज को भटका रहे, महिलाओं के आरक्षण पर पार्टियां राजनीति न करें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

80वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने लाल किले पर 76 मिनट की स्पीच दी। पीएम ने कहा- हथियारी नक्सल तो चले गए, लेकिन दिमागी नक्सल मौके की तलाश में हैं। समाज को गलत राह पर ले जाने के लिए तरह-तरह के काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, ऐसे लोग हिंसा अराजकता के रास्ते खोज रहे हैं। इन दिमागी नक्सलियों को पहचानना होगा और इन्हें आइसोलेट करना होगा और विकसित राष्ट्र बनाने की ओर देश की युवा पीढ़ी को जोड़ना होगा।

पीएम ने युवाओं के लिए बड़ी घोषणाएं भी कीं। उन्होंने बताया कि सरकार अगले एक साल में 1 करोड़ युवाओं को एआई स्किल्स की ट्रेनिंग देगी। गरीब और मिडिल क्लास परिवारों के युवाओं के लिए कई परीक्षाओं की फ्री ऑनलाइन कोचिंग दी जाएगी।



सरकार अगले एक साल में 1 करोड़ युवाओं को एआई स्किल्स की ट्रेनिंग देगी

गरीब और मिडिल क्लास परिवारों के युवाओं के लिए कई परीक्षाओं की फ्री ऑनलाइन कोचिंग दी जाएगी

इससे पहले लाल किले पर पहली बार वंदे मातरम गाया गया। पीएम ने तिरंगा फहराया। उसके बाद राष्ट्रगान हुआ, 21 तोपों की सलामी दी गई।

### हथियारबंद नक्सल गए, दिमागी नक्सल मौजूद

- **दिमागी नक्सलियों पर:** 'हमने नक्सलवाद खत्म करने का संकल्प लिया था। आज नक्सल क्षेत्र में नक्सल मुक्त होने के कारण विकास का तिरंगा लहरा रहा है। हमें सावधान रहने की जरूरत है। हथियारबंद नक्सल तो गए, लेकिन दिमागी नक्सल मौके की तलाश में हैं। इन दिमागी नक्सलों को पहचानना होगा। इन्हें युवाओं को भटकाने से बचाना होगा।'
- **महिला आरक्षण पर:** हमारी माताओं बहनों को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत प्रतिनिधित्व मिले। वे भारत की नीति में अपना योगदान दें। समय की मांग है। मैं सभी राजनीतिक दलों से आग्रह करता हूं। आइए महिला आरक्षण लागू करके महिलाओं के सम्मान में आप भी जुड़िए और क्रेडिट लीजिए लेकिन मेरी माताओं बहनों को हक दीजिए।
- **2047 के लक्ष्य पर:** 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। हमारी दिशा तय हो चुकी है। हमें उसे प्राप्त करके रहना है। इसके लिए हमें हमारे वर्क कल्चर और हमारी सोच को भी बदलना होगा। जो काम पिछले 5-7 दशक में नहीं हुए हैं, वो काम हमें आगामी 5-7 साल में करने हैं।
- **ग्लोबलाइजेशन पर:** एक समय था जब मैं आत्मनिर्भरता की बात कर रहा था तो कुछ एयर कंडीशन चेंबर में बैठकर सोचने वाले लोग हमें बता रहे थे कि ग्लोबलाइजेशन का क्या होगा, लेकिन पूरी दुनिया देख रही है कि पिछले 1 दशक में ऐसा लग रहा है कि लोगों ने ग्लोबलाइजेशन बोलना ही बंद कर दिया।
- **युवाओं पर:** 'एक साल में 1 करोड़ युवाओं को एआई स्किल्स की ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके साथ ही छात्रों के लिए ऑनलाइन फ्री कोचिंग व्यवस्था की शुरुआत भी की जाएगी।'
- **आत्मनिर्भर पर:** बीते सालों में हमारा दृढ़ विश्वास रहा है कि भारत को अब दूसरे देशों पर निर्भर रह कर नहीं जीना है। हमें आत्मनिर्भर बनना चाहिए। दुनिया में बहुत कुछ मिलता है, सस्ता मिलता है, जल्दी मिलता है लेकिन उससे हमारा सामर्थ्य तैयार नहीं होता। इसलिए हमें भी अपनी क्षमताओं को बढ़ाना है। अपने हितों की सुरक्षा हमें खुद करनी है इसलिए आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लेकर हम आगे बढ़ रहे हैं।
- **आपदाओं पर:** 'अब छोटे सपनों से काम चलने वाला नहीं है। हमें बड़े सपने देखने होंगे क्योंकि बड़े सपने हमारी सोच को भी विस्तार देते हैं। हमारे संकल्प दृढ़ होने चाहिए। जब संकल्प दृढ़ होता है तो कठिनाईयों से, आपदाओं के बीच से रास्ते निकालने का सामर्थ्य अपने आप उभर कर आता है।

# थाईलैंड से 200 भारतीयों को लेकर फ्लाइट दिल्ली लैंड हुई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक एयरपोर्ट पर फंसे करीब 200 भारतीय यात्रियों को लेकर आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट शनिवार सुबह दिल्ली लैंड हुई है। यात्री गुरुवार रात से करीब 30 घंटे से फंसे थे। हंगामे के बाद फ्लाइट शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे दिल्ली के लिए रवाना हुई थी। इनमें मध्य प्रदेश के कई यात्री भी शामिल हैं।

एअर इंडिया ने शुक्रवार शाम 7:15 बजे फ्लाइट रवाना होने की जानकारी दी थी, लेकिन तय समय पर उड़ान नहीं भरी। रात 8 बजे बोर्डिंग शुरू हुई और करीब ढाई घंटे बाद फ्लाइट दिल्ली रवाना हुई। इससे पहले कुछ यात्री दूसरी फ्लाइट से भारत लौट चुके थे।

**बैंकॉक एयरपोर्ट पर 28 घंटे से फंसे थे, एअर इंडिया की फ्लाइट में थी तकनीकी खराबी**

रनवे से वापस आई फ्लाइट

इंदौर की दिव्या माहेश्वरी ने बताया कि वह थाईलैंड घूमने गई थीं। बैंकॉक से दिल्ली लौटना था। फ्लाइट रनवे पर पहुंचने के बाद अचानक वापस आ गई। यात्रियों ने केबिन क्रू से विमान के वापस आने की वजह पूछी।

यात्रियों के मुताबिक, क्रू मेंबर्स ने तकनीकी खराबी की जानकारी दी। गुरुवार रात करीब 8:30 बजे तक यात्रियों को फ्लाइट में ही बैठाकर रखा गया। उन्हें बताया गया कि रात 11:15 बजे फ्लाइट उड़ान भरेगी।

### फाइटर जेट का इंजन देश में ही बनेगा, रिलायंस और रॉल्स-रॉयस ने पार्टनरशिप की

**नई दिल्ली।** अब भारत में ही एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट का इंजन बनेगा। इसके लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और रॉल्स-रॉयस ने शुक्रवार को पार्टनरशिप की है। दोनों कंपनियां मिलकर एक स्पेशल एयरोस्पेस गैस टर्बाइन कॉम्प्लेक्स बनाएगी। इसमें पूरी तरह स्वदेशी और सॉवरेन इंजन का डिजाइन, डेवलपमेंट, टेस्टिंग, मैन्युफैक्चरिंग और डिलीवरी करेंगी। साथ ही लाइफटाइम सपोर्ट भी शामिल दिया जाएगा। रिलायंस और रॉल्स-रॉयस मिलकर भारत में एक 'एयरोस्पेस गैस टर्बाइन कॉम्प्लेक्स' बनाने की तैयारी में हैं। यह देश में इंजनों की नई टेक्नोलॉजी तैयार करने वाले सबसे बड़े सेंटर की तरह काम करेगा। इसके बनने से भारत को हाई-टेक फाइटर जेट इंजन बनाने के मामले में पूरी दुनिया में एक नई मजबूती मिलेगी।

### अमित शाह पर टिप्पणी को लेकर लोकसभा ने राहुल गांधी को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने बीजेपी सांसद अनुराग ठाकुर और संजय जायसवाल की शिकायतों के आधार पर राहुल गांधी को नोटिस भेजा है। दोनों सांसदों ने एंटी-पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान अमित शाह के खिलाफ उनकी टिप्पणियों को असंसदीय बताया था। राहुल को 28 अगस्त तक अपना जवाब दाखिल करने को कहा गया है। राहुल ने 29 जुलाई को बिल पर चर्चा के दौरान इडियट और अंधभक्त जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया था। इसके बाद स्पीकर ओम बिरला ने इन शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाने का आदेश दिया था। लोकसभा में बीजेपी के चीफ व्हिप संजय जायसवाल ने एक्स पर लेटर शेयर किया। इसमें उन्होंने कहा कि अमित शाह के खिलाफ राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर उन्होंने विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था।

### ईरान की हार के बाद होर्मुज अमेरिका का होगा : डोनाल्ड ट्रम्प

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान को हराने के बाद वे होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका का इलाका घोषित करेंगे। उन्होंने यह बात शुक्रवार को न्यूयॉर्क में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कही। वे न्यूयॉर्क में रिपब्लिकन पार्टी की रैली को संबोधित कर रहे थे। ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय आया है, जब अमेरिका और ईरान करीब छह महीने से चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए समझौते की कोशिश कर रहे हैं। उनके इस बयान के बाद ईरान ने भी पलटवार किया। उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा कि होर्मुज ईरान की था, है और रहेगा। इसे किसी ट्वीट या चुनावी भाषण के जरिए नहीं कब्जाया जा सकता। उन्होंने कहा कि ईरान न तो धमकियों से डरता है और न ही किसी ताकत के आगे झुकता है।

### दावा- चीनी सामान भारत के रास्ते अमेरिका भेजा जा रहा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए चीनी प्रोडक्ट्स को भारत के रास्ते अमेरिकी बाजारों में पहुंचाया जा रहा है। यह दावा व्हाइट हाउस की रिपोर्ट द ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैमः राइज, स्कोप एंड कॉस्ट्स में किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, चीन से आने वाले सामान या पार्ट्स को पहले भारत समेत दूसरे एशियाई देशों में भेजा जाता है। वहां उन्हें प्रोसेस, असेंबल या किसी दूसरे प्रोडक्ट में इस्तेमाल किया जाता है। इसके बाद तैयार सामान को अमेरिका निर्यात किया जाता है। अमेरिकी प्रशासन का आरोप है कि इससे चीन पर लगाए गए टैरिफ से बचने का रास्ता मिल सकता है। रिपोर्ट में इसके लिए दुनिया भर में ट्रेड रूट्स का नेटवर्क बनने की बात कही गई है। भारत के पुणे, गुजरात और चेन्नई को चीन से आने वाले सामान के एक अहम रास्ते के तौर पर बताया गया है।

### अमेरिकी सर्वे-10 में 9 पाकिस्तानी भारत को खतरा मानते हैं

**नई दिल्ली।** 10 में से 9 पाकिस्तानी भारत को खतरा मानते हैं, ये बात अमेरिकी प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे में सामने आई है। इंडियंस भी अपना सबसे बड़ा दुश्मन पाकिस्तान को ही मानते हैं। सर्वे में कहा गया कि दोनों देशों के लोग पड़ोसी के साथ अच्छे रिश्ते चाहते हैं, लेकिन भरोसे की कमी है। भारत अपना सबसे अहम पार्टनर रूस को मानता है। वहीं, पाकिस्तान ने चीन को अपना सबसे बड़ा सहयोगी देश माना है। प्यू सर्वे के मुताबिक, भारत में पाकिस्तान को लेकर अलग-अलग समुदायों में राय एक जैसी नहीं है। 21% भारतीय मुस्लिमों ने पाकिस्तान के बारे में पॉजिटिव राय जताई। हिंदुओं में यह आंकड़ा 6% रहा। खतरे के सवाल पर भी अंतर दिखा। 34% भारतीय मुस्लिमों ने पाकिस्तान को भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक खतरा बताया, जबकि हिंदुओं में यह आंकड़ा 57% था।

### अवकाश सूचना




स्वतंत्रता दिवस पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं और शुभचिंतकों को बधाई। दैनिक ब्रह्मास्त्र कार्यालय में 16 अगस्त को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त 2026 को प्रकाशित होगा। -संपादक

### उज्जैन समेत पश्चिम क्षेत्र में हर साल कसौटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्य प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियों के लिए अगले पांच साल वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने और बिजली नुकसान कम करने की चुनौती लेकर आएंगे। मध्य प्रदेश विद्युत नियामक आयोग ने वित्त वर्ष 2027-28 से 2031-32 तक बिजली वितरण कंपनियों के तकनीकी एवं वाणिज्यिक नुकसान यानी लाइन लॉस को लगातार कम करने के लक्ष्य प्रस्तावित किए हैं। इसका सीधा असर उज्जैन समेत पश्चिम मध्यप्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं और वितरण व्यवस्था पर भी पड़ेगा।

### सेना के लिए 1,577 करोड़ रुपए के रक्षा सौदे हुए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए लॉइटरिंग म्युनिशन सिस्टम, म्यूनिशन और दूसरे सामान खरीदने के लिए दो कंपनियों के साथ करीब 1,577 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट किए। नई दिल्ली में रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की मौजूदगी में इन कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत किए गए। मंत्रालय ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, रक्षा मंत्रालय ने भारतीय सेना के लिए लॉटरिंग म्युनिशन सिस्टम, म्युनिशन और दूसरे सामान की खरीद के लिए टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड और निबे प्राइवेट लिमिटेड के साथ करीब 1,577 करोड़ रुपए के कॉन्ट्रैक्ट किए हैं।

### टीवी चैनलों पर विज्ञापनों की 12 मिनट की सीमा खत्म

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के टेलीविजन दर्शकों के लिए विज्ञापन से जुड़ी व्यवस्था में बड़ा बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार ने टीवी चैनलों के लिए प्रति घंटे विज्ञापनों की अधिकतम 12 मिनट की मौजूदा सीमा को हटाने का फैसला किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि विज्ञापन अवधि पर लगी मौजूदा पाबंदी अब आवश्यक नहीं रह गई है। सरकार का मानना है कि नियमों में बदलाव से प्रसारण क्षेत्र में निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा और कारोबार करना आसान होगा।



## खबर एक नजर...

### खरगे के अपमान पर युवा कांग्रेस ने मौन धरना देकर जताया आक्रोश

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के कथित अपमान के विरोध में उज्जैन युवा कांग्रेस ने शुक्रवार को कड़ा रोष व्यक्त किया। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अर्पित यादव की अगुवाई में कार्यकताओं ने क्षीरसागर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष काली पट्टी बांधकर मौन धरना दिया। युवा कांग्रेस नेताओं ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में खरगे की सभा के बाद आयोजन स्थल के कथित शुद्धिकरण को घृणास्पद और शर्मनाक कृत्य बताया। उन्होंने इसे भाजपा की संकीर्ण, जातिवादी और सामंतवादी मानसिकता का प्रतीक बताते हुए देश के दलितों, पिछड़ों और संविधान में आस्था रखने वाले हर नागरिक के आत्मसम्मान पर सीधा प्रहार करार दिया। इस मौन धरने में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भी पहुंचकर अपना समर्थन दर्ज कराया। विरोध प्रदर्शन के दौरान विधायक महेश परमार और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने युवा कांग्रेस कार्यकताओं के साथ बैठकर घटना की कड़ी निंदा की और भाजपा की दमनकारी सोच का पुरजोर विरोध किया। मौन धरने के पश्चात युवक कांग्रेस के कार्यकर्ता शहर जिला कांग्रेस द्वारा निकाली गई रैली में शामिल हुए और तीखा आक्रोश व्यक्त किया।

### मानव अधिकार संगठन के पदाधिकारियों ने एसपी से की भेंट

**उज्जैन।** मानव अधिकार संगठन के पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा से सौजन्य भेंट की। इस दौरान महिला अत्याचार की रोकथाम, महिलाओं की सुरक्षा तथा मानव अधिकारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। साथ ही आगामी दिनों में संगठन द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। भेंट के दौरान पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा का सम्मान किया। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि महिला सुरक्षा, मानव अधिकारों की रक्षा और समाज में जागरूकता बढ़ाने के लिए संगठन निरंतर सक्रिय भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मानव अधिकार संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रजनी आकाश सोनी, उज्जैन जिला अध्यक्ष अनीता सोलंकी, जिला सचिव काजल प्रितवानी और जिला महामंत्री पूजा शर्मा उपस्थित थीं।

### भाजपा पंडित दीनदयाल मंडल ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**उज्जैन।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत भाजपा पं. दीनदयाल मंडल द्वारा मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी के नेतृत्व में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में निकली इस यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मंडल मीडिया प्रभारी राजेश परमार सेन ने बताया कि यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता एवं तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को जन-जन तक पहुंचाना है। इस अवसर पर समाजसेवी नारायण यादव, नगर निगम सभापति कलावती यादव, नगर जिला अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महामंत्री आनंद सिंह खींची, महामंत्री कमल बैरवा, उपाध्यक्ष कल्याण शिवहरे, कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव, मंडल महामंत्री मधुकर राव यादव, सचिन गोसर, पार्षद सुगन बाबूलाल वाघेला, श्रीमती आभा कुशवाह, श्रीमती आशिमा गौरव सिंगर एवं निर्मल करण परमार सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित रहे। यात्रा के दौरान भारत माता की जय एवं वंदे मातरम् के नारों से वातावरण देशभक्तिमय हो गया।

### सत्य साधना लाइब्रेरी नहीं, स्वयं अनुभव करने की लैबोरेट्री है

**उज्जैन।** अनंताय रिसोर्ट, उज्जैन में जैनाचार्य श्रीपूज्य श्री जिनचंद्रसूरिजी महाराज साहब के पावन सानिध्य में चल रहे दस दिवसीय पूर्ण आवासीय सत्य साधना मौन ध्यान शिविर के सप्तम दिवस साधना की सघनता और बढ़ गई।लगभग 180 साधक-साधिकाएँ अब निर्धारित ध्यान सत्रों तक ही सीमित न रहकर चलने, भोजन करने, जल ग्रहण करने, स्नान करने सहित दैनिक जीवन की प्रत्येक क्रिया में श्वास और शरीर में हो रहे सेंसेशन के प्रति सजग रहते हुए समता पुष्ट करने का अभ्यास कर रहे हैं। रात्रिकालीन प्रवचन में श्रीपूज्य गुरुदेव ने कहा कि धर्म सबसे बड़ा और सबसे ऊँचा मंगल है। धर्म का वास्तविक अर्थ केवल बाहरी क्रियाओं तक सीमित नहीं है। राग-द्वेष को क्षीण करते हुए उनसे मुक्त होने की दिशा में पुरुषार्थ करना धर्म है। जो व्यक्ति इस शुद्ध धर्म के मार्ग पर चलता है, वह वास्तव में साधना के मार्ग पर आगे बढ़ता है।

### शिव स्तुति से गूंजा महाकाल मंदिर

उज्जैन। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति, उज्जैन के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में 'नृत्य आराधना नृत्य मंदिर संस्थान, उज्जैन' की नृत्यांगना सुश्री देवयानी सिंह गौड ने भगवान महाकाल के आंगन में 'गणेश वंदना' एवं 'शिव स्तुति' पर अत्यंत भव्य और भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया।यह गरिमामयी कार्यक्रम श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा ही आयोजित कराया गया। सुश्री देवयानी सिंह गौड विगत 10 वर्षों से गुरु शिष्य परम्परा के अंतर्गत डॉ. खुशबू पांचाल से कथक नृत्य की शिक्षा प्राप्त कर रही हैं।

# राज्य अतिथि माधवाचार्य के सान्निध्य में बन रहे सवा ग्यारह लाख पार्थिव शिवलिंग

### विश्व शांति, जन कल्याण, अच्छी वर्षा और गौ रक्षा की कामना

### महाकाल दर्शन कर अनुष्ठान में ले रहे भाग, देशभर से जुटे कई महामंडलेश्वर और संत

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मक्सी रोड पवासा और शिप्रा तट स्थित हजारी हनुमान मंदिर में सावन मास के उपलक्ष्य में सवा ग्यारह लाख चिंतामणि पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक का सात दिवसीय विशाल अनुष्ठान जारी है। यह विशाल अनुष्ठान मुख्य रूप से विश्व शांति, जन कल्याण, भारतवर्ष में अच्छी वर्षा व सुख-शांति तथा सनातन धर्म और गौ माता की रक्षा की विशेष कामना के साथ किया जा रहा है। यह भव्य आयोजन राजकीय अतिथि, वैष्णव सम्राट और अखिल भारतीय खालसा परिषद के अध्यक्ष टीलाद्वारा गाद्याचार्य मंगलपीठाधीश्वर माधवाचार्य की अध्यक्षता में हो रहा है। वे प्रतिदिन महाकाल दर्शन करने के साथ ही मंदिर परिसर में सैकड़ों भक्तों के बीच शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक में भाग ले रहे हैं। माधवाचार्य एक हजार से अधिक खालसाओं के अध्यक्ष हैं। आगामी सिंहस्थ में दिगंबर अखाड़े के खालसा और वैष्णव मंगलनाथ क्षेत्र की पूरी व्यवस्था व अगुवाई उन्हीं के मार्गदर्शन में होगी। हजारी हनुमान मंदिर पवासा के महंत काशीदास त्यागी ने बताया कि 12 से 19 अगस्त तक चलने वाले इस अनुष्ठान में प्रतिदिन सुबह 8.30 बजे से शिवलिंग निर्माण और रुद्राभिषेक किया जा रहा है। आयोजन में शामिल होने के लिए देशभर से संत, महात्मा, आचार्य और महामंडलेश्वर उज्जैन पहुंचे हैं। इनमें मुख्य रूप से अयोध्या के महामंडलेश्वर सीतारामदास, बांसवाड़ा (राजस्थान) के महामंडलेश्वर हरिओमदास, पुरी के महामंडलेश्वर रामकृष्णदास, इंदौर के महामंडलेश्वर राधेराधे बाबा, भावनगर के महामंडलेश्वर गरीबरामदास बाबा, नासिक के महामंडलेश्वर भक्तिचरणदास, दाहोद के महामंडलेश्वर जगदीशदास, चींच के महामंडलेश्वर घनश्यामदास, इंदौर के महामंडलेश्वर रामगोपालदास, नैमिषारण्य के महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास भोले बाबा, नडियाद के महंत महावीरदास, जगन्नाथपुरी के महंत विश्वंभरदास, महंत रामचरणदास और महंत पूर्णचंद्रदास शामिल हैं।

#### ढांचा भवन में 700 विद्यार्थियों ने एक स्वर में किया ॐ नमः शिवाय का जाप

# मंत्र की शक्ति ही सनातन की असली शक्ति है - महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरि



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

श्रावण मास के तहत चल रही ॐ नमः शिवाय जाप श्रृंखला में ढांचा भवन स्थित विद्यालय के 700 विद्यार्थियों ने एक स्वर में ॐ नमः शिवाय महामंत्र का जाप किया। श्री हरि आध्यात्मिक सनातन सेवा संस्था के हरि सिंह यादव ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों के साथ शिक्षकों ने भी ध्यानमग्न होकर मंत्र जाप किया। श्री मौनीतीर्थ पीठ गंगा घाट के महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरि ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए नित्य मंत्र जाप का संकल्प दिलाया।

महामंडलेश्वर सुमनानंद गिरि ने कहा कि मंत्र की शक्ति ही सनातन की असली शक्ति है। शिव की उपासना केवल मंदिर में पूजा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अपने तन, मन और आचरण को पवित्र बनाने की साधना है। उन्होंने शिव अभिषेक की महिमा बताते हुए कहा कि शिवलिंग पर जल अर्पित करने के साथ मस्तिष्क में संचित अहंकार, क्रोध और द्वेष को भी समर्पित करना चाहिए। भांग अर्पित करने का अर्थ अहंकार का त्याग, धतूरा चढ़ाने का अर्थ क्रोध व उन्माद का समर्पण और आंकड़े का पुष्प अर्पित करने का भाव आधुनिक चकाचौंध से उत्पन्न मानसिक अंधत्व को छोड़ना है।

### सत्य साधना मौन ध्यान शिविर का अष्टम दिवस

**उज्जैन।** अनंताय रिसोर्ट, उज्जैन में जैनाचार्य श्रीपूज्य श्री जिनचंद्र सूरिजी महाराज साहब के पावन सानिध्य में चल रहे दस दिवसीय पूर्ण आवासीय सत्य साधना मौन ध्यान शिविर के अष्टम दिवस साधना और अधिक सघन होती गई।लगभग 180 साधक-साधिकाएँ पूर्ण मौन में श्वास एवं शरीर में प्रतिपल हो रहे सेंसेशन के प्रति सजग रहते हुए समता को पुष्ट करने और अपने भीतर घटित सत्य को स्व-अनुभव के स्तर पर जानने का निरंतर अभ्यास कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी सुनील डागा,शिरीष सकलेचा और जवाहर डोसी ने बताया रात्रिकालीन प्रवचन में श्रीपूज्य गुरुदेव ने भगवान महावीर स्वामी द्वारा प्रतिपादित कर्म सिद्धांत और संसार-चक्र की व्याख्या करते हुए कहा कि ह्लतीर्थंकर प्रभु महावीर महान वैज्ञानिक थे।उन्होंने केवल मानने के लिए कोई सिद्धांत नहीं दिया,बल्कि स्वयं अनुभव करके जानने योग्य संसार-चक्र को समझाया। श्रीपूज्य गुरुदेव ने कहा कि मन और शरीर निरंतर एक-दूसरे को प्रभावित करते रहते हैं।

#### प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रजापति ने सीएम कार्यालय में सौंपा धन्यवाद पत्र

## नंदीहॉल से महाकाल दर्शन की सुगम व्यवस्था पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान श्री महाकालेश्वर मंदिर में सावन मास के दौरान कांवड़ और कलश यात्रियों के लिए नंदीहॉल से दर्शन की विशेष एवं सुगम व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन और महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के इस निर्णय की श्रद्धालुओं द्वारा सराहना की जा रही है।

इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन स्वास्थ्य रक्षक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. बी. एल. प्रजापति ने मुख्यमंत्री के नाम धन्यवाद और आभार पत्र उज्जैन स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय पर नमित यादव को सौंपा।

डॉ. प्रजापति ने बताया कि विगत 12 अगस्त को आगर रोड स्थित विक्रमादित्य नगर चक के श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर से महाकालेश्वर दर्शन के लिए कलश यात्रा निकाली गई थी। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को मंदिर प्रबंध समिति द्वारा नंदीहॉल से सुगमतापूर्वक दर्शन कराए गए, जिससे कांवड़ और कलश यात्रियों में अत्यधिक उत्साह देखा गया।

डॉ. प्रजापति ने पत्र के माध्यम से विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में सामान्य दिनों के साथ-साथ आगामी सिंहस्थ महापर्व में भी श्रद्धालुओं को इसी प्रकार सुगम दर्शन व्यवस्था का लाभ मिलता रहेगा। इस सराहनीय पहल पर विक्रमादित्य नगर चक कलश यात्रा के सभी सदस्यों ने भी मुख्यमंत्री और मंदिर प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दाऊदखेड़ी में एनसीसी कैडेट्स ने निकाली भव्य तिरंगा रैली




### ग्रामीणों ने किया स्वागत, अपने घरों पर तिरंगा फहराने का लिया संकल्प

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत संदीपनी शा. उ.मा.वि. महाराजवाड़ा क्रमांक 3 के एनसीसी कैडेट्स ने दाऊदखेड़ी गांव में भव्य तिरंगा रैली निकाली। 2 एमपी बटालियन के लेफ्टिनेंट कर्नल रायपुरे विशाल बी के निर्देशन में आयोजित इस रैली में कैडेट्स ने ड्रम झंझार के साथ उत्साहपूर्वक भाग लिया। हाथों में तिरंगा लेकर कैडेट्स ने पूरे गांव में देशभक्ति का संदेश दिया। रैली के दौरान ड्रम की गूंज और देशभक्ति के नारों से पूरा गांव राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। ग्रामीणों ने रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया। एनसीसी कैडेट्स ने लोगों को राष्ट्रध्वज के सम्मान, देश के प्रति कर्तव्य और राष्ट्रीय एकता के प्रति जागरूक किया।

पूरे कार्यक्रम में कैडेट्स का अनुशासन और उत्साह विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शिव सिंह अहिरवार एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम की जानकारी एनसीसी अधिकारी सेकंड ऑफिसर सीमा परमार ने दी।

#### मल्लिकार्जुन खरगे के अपमान के विरोध में कांग्रेस ने निकाली रैली

## देवास गेट से शुरू होकर गांधी प्रतिमा पर संपन्न हुई आक्रोश रैली, सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

### भाजपा की दलित विरोधी मानसिकता का किया कड़ा विरोध

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जनसभा के बाद आयोजन स्थल का कथित तौर पर 'शुद्धिकरण' किए जाने के विरोध में उज्जैन में कांग्रेसियों ने सड़क पर उतरकर तीखा आक्रोश व्यक्त किया। कांग्रेस ने इस कृत्य को भाजपा की सामंतवादी और दलित विरोधी मानसिकता का प्रमाण बताते हुए शुक्रवार को शहर में एक बड़ी विरोध रैली निकाली।

शहर कांग्रेस के आह्वान पर यह आक्रोश रैली देवास गेट से शुरू हुई। रैली मालीपुरा और क्षीरसागर स्थित शहर कांग्रेस कार्यालय होते हुए महात्मा गांधी की प्रतिमा तक पहुंची। यहां कांग्रेस नेताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि हल्द्वानी में खरगे की सभा के बाद मंच को गंगाजल से धोकर शुद्धिकरण करने का कृत्य बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है। यह सिर्फ एक वरिष्ठ राजनेता का नहीं, बल्कि देश के पूरे दलित, पिछड़े और वंचित समाज का घोर अपमान है। नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनावों के समय समाज में जातिगत भेदभाव और विभाजनकारी सोच को बढ़ावा देने के लिए ऐसे चरमपंथी तत्वों को आगे करती है। यह कृत्य संवैधानिक और मानवीय मूल्यों पर सीधा प्रहार है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से विधायक महेश परमार, पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय मौजूद रहे। संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि प्रदर्शन में अशोक सारवान, लोकेंद्र सिंह, वीर सिंह राणा, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा, रहीम लाला, संचित शर्मा, दुर्गेश धवन, बबलू खींची, हिमांशु शुक्ल, छोटेलाल मंडलोई, वरुण शर्मा, बंटी वसीम, चंदू यादव, श्याम जटिया, राहुल लोट, माजिद लाला, रमेश सांखला, सोनिया ठाकुर, पार्षद प्रेमलता रामी, पार्षद इमरान, पार्षद अर्पित दुबे, पार्षद परमानंद मालवीय, पार्षद प्रतिनिधि हनुमान नागोरी, फिरोज पठान सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

#### नारायणा धाम से निकली 16 किलोमीटर लंबी संपूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा यात्रा

## हरियाली अमावस्या पर 21 पवित्र नदियों के जल से महादेव का जलाभिषेक, एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर स्वर्णगिरी पर्वत स्थित नारायणा धाम से बैंड-बाजों के साथ प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी संपूर्ण स्वर्णगिरी पर्वत परिक्रमा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। 16 किलोमीटर लंबी यह यात्रा विभिन्न गांवों से होते हुए वापस नारायणा धाम पहुंचकर संपन्न हुई। जगह-जगह पर ग्रामीणों ने फलाहारी खिचड़ी बांटकर यात्रा का स्वागत किया।

यात्रा की शुरूआत में गंगा, यमुना, सरस्वती, सरयू, नर्मदा, मंदाकिनी, क्षिप्रा, गंभीर, कालीसिंध जैसी पवित्र नदियों के साथ ही कोटि कुंड, कृष्ण-सुदामा सरोवर और सप्त सागर के जल से भगवान कृष्ण-सुदामा और कृष्णेश्वर महादेव का अभिषेक-पूजन किया गया। यह अनुष्ठान यात्रा संयोजक केशर सिंह पटेल से पुजारी प्रेमनारायण शर्मा, जितेंद्र शर्मा और अर्जुन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ करवाया। इसके बाद ध्वज पूजन कर केशर सिंह पटेल को सौंपा गया और यात्रा आरंभ हुई। इस अवसर पर ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान के तहत पौधरोपण भी किया गया।

यात्रा नारायणा से शुरू होकर चौकी, महूखेड़ा, तुलसापुर और बागला होते हुए मां पार्वती धाम पहुंची। वहां मोहन सिंह पंवार, बहादुर सिंह पंवार और पार्वती मंदिर समिति के सदस्यों ने यात्रा की अगवानी की। माता पार्वती और महादेव का जलाभिषेक पुजारी अमन शर्मा और पवन शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। भोजन विश्राम के बाद यात्रा ग्राम बरखेड़ा बुजुर्ग, कुकल खेड़ा, बालोदा और शेरपुर-चौपाटी होते हुए वापस कृष्ण-सुदामा मंदिर नारायणा धाम पहुंची। यहां मुख्य द्वार पर आरती और प्रसादी वितरण के साथ 16 किलोमीटर की यह परिक्रमा पूर्ण हुई।

### श्रीमद्भागवत गीता में भी है स्वर्णगिरी पर्वत का वर्णन

केशर सिंह पटेल ने बताया कि नारायणा धाम के उत्तर में स्थित स्वर्णगिरी पर्वत का उल्लेख श्रीमद्भागवत गीता सहित अन्य धार्मिक ग्रंथों में भी है। मान्यता है कि गुरु सांदीपनि और गुरु मां की आज्ञा से कृष्ण और सुदामा लकड़ियां लेने यहीं आए थे और रात्रि विश्राम भी किया था। उनके द्वारा एकत्र की गई लकड़ियों की गठरी आज भी मंदिर परिसर में हरे-भरे पेड़ों के रूप में मौजूद है। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उन्हेल स्थित शेषशाई विष्णु मंदिर के महंत गिरीश प्रपन्न महाराज, विधायक दिनेश जैन बॉस, पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, बहादुर सिंह बोर्मुंडला, उदय चंदेल, विजय सिंह गौतम, कृष्णा बाई शिवनारायण सूर्यवंशी, सुधीर मूणत, अनिल आंचलिया, अशोक बुरड़, हीरालाल आंजना, सुमेर सिंह कालूहेड़ा, दिनेश ग्रोवर, मोहन सिंह पंवार, बहादुर सिंह पंवार, कमल राठी, श्रीपाल राठी, निलेश सोलंकी, निर्भय भाटी, राधेश्याम नरवरिया, धूल सिंह पटेल और शरद परमार उपस्थित रहे।

## मालवी कविता संग्रह 'ओढ़नी' पर 16 अगस्त को होगा साहित्य विमर्श

### प्रेमचंद सृजन पीठ के आयोजन में जुटेंगे शहर के साहित्यकार, शलाका दीर्घा में शाम 4 बजे होगा कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पूर्व में लोकार्पित एवं संगीता तल्लेरा द्वारा रचित मालवी कविता संग्रह 'ओढ़नी' पर 16 अगस्त रविवार को 'ओढ़नी प्रसंग' के तहत विस्तृत चर्चा और समीक्षा होगी। प्रेमचंद सृजन पीठ द्वारा हिन्दी अध्ययनशाला सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के सहयोग से यह कार्यक्रम कोठी रोड स्थित शलाका दीर्घा में शाम 4 बजे आयोजित किया जाएगा।

प्रेमचंद सृजन पीठ के निदेशक मुकेश जोशी एवं ललित कला अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. जगदीश शर्मा ने बताया कि नगर के साहित्य समाज के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी होंगे। सारस्वत अतिथि के रूप में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज उपस्थित रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के वरिष्ठ सदस्य राजेशसिंह कुशवाह और जैन कवि संगम के अध्यक्ष सुगनचंद जैन शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक एवं हिंदी विभागाध्यक्ष आचार्य शैलेन्द्र कुमार शर्मा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ व्यंग्यकार एवं समीक्षक शशांक दुबे इस मालवी कविता संग्रह पर अपना रेखाचित्र व समीक्षा प्रस्तुत करेंगे। इस ओढ़नी प्रसंग के सूत्रधार कवि पंडित राहुल शर्मा होंगे।

उज्जैन
शनिवार
15
अगस्त, 2026

# दैनिक ब्रह्मास्त्र


पूर्वे वयसि तत्कुयार्धेन वृद्धः सुखं वसेत्।
यावज्जीवेन तत्कुर्याद्येनामुत्रसुखं वसेत्।।

**अर्थः** इसे युवावस्था में ही करना चाहिए ताकि बुढ़ापा खुशी से कट जाए। इस जीवन को ऐसे जियो कि परलोक (या दूसरे जन्म) में शांति रहे।

## खबर एक नजर...

### 7 करोड़ की 8.6 किलो ड्रग्स जब्त, पांच तस्कर गिरफ्तार

**इंदौर।** डीआरआई ने ऑपरेशन क्रिस्टल डैगर के तहत दो अलग-अलग कार्रवाइयों में अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का खुलासा किया है। टीम ने 8.6 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त करते हुए 5 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 4 नाइजीरियाई नागरिक और 1 भारतीय महिला शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में जब्त मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत 7.1 करोड़ रुपए आंकी गई है। डीआरआई को सूचना मिली थी कि एक महिला तस्कर नई दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाली ट्रेन में ड्रग्स लेकर सफर कर रही है। अधिकारियों ने 11 अगस्त को भोपाल जंक्शन रेलवे स्टेशन पर महिला को रोककर पूछताछ की। उसके ट्रॉली बैग की जांच की तो 6 पैकेट बरामद हुए। फॉरेंसिक जांच में पैकेट के अंदर 6.325 किलोग्राम ह्यक्रिस्टल मेथामफेटामिनह्ल होने की पुष्टि हुई। दूसरी कार्रवाई ग्रेटर नोएडा में की। टीम को देख ड्रग डीलर नाइजीरियाई तस्करों ने मकान की खिड़की से कूदकर भागने का प्रयास किया, लेकिन अधिकारियों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया। तलाशी में 2.242 किलोग्राम क्रिस्टल मेथामफेटामिन, 50 ग्राम कोकीन और 25 ग्राम गांजा बरामद हुआ। कार्रवाई में चार नाइजीरियाई तस्करों को गिरफ्तार किया।

### मारपीट कर आरोपियों से उगलवा रहे नाम

**इंदौर।** नाना पटवारी से जुड़े ऑनलाइन सट्टे के संगठित गिरोह के आरोपी मनीष पमनानी, पिंकेश माहेश्वरी, निखिल चौहान और निलेश बागड़ी को शुक्रवार को राजेंद्र नगर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। वकीलों ने पुलिस द्वारा मारपीट कर नाम उगलवाने की बात रखी, जिसके बाद कोर्ट ने चोटें देख टीआई राजेंद्र नगर से स्पष्टीकरण मांगा है। हालांकि, चारों आरोपियों को 17 अगस्त तक रिमांड पर भेज दिया गया। अगली सुनवाई पर टीआई यशवंत बड़ोले को चोटों पर जवाब देना होगा, हालांकि उन्होंने ऐसा कोई आदेश मिलने से इनकार किया है। पूछताछ में आरोपी मनीष ने सट्टेबाज किक्का के साथ सट्टा चलाने की बात कबूली है, जो गोवा से रैकेट चला रहा है। वहीं आरोपी निलेश की जानकारी पर पुलिस धम्मू भाट की तलाश कर रही है। डीसीपी नरेंद्र रावत के अनुसार 27 से ज्यादा सट्टेबाजों की जानकारी मिली है। जांच के चलते 22 से ज्यादा सट्टेबाजों में हड़कंप है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि जूनी इंदौर का कुख्यात सट्टेबाज किक्काइंदौर छोड़कर गोवा भाग चुका है और वहीं से पूरे ऑनलाइन सट्टा सिंडिकेट को ऑपरेट कर रहा है।

### ओंकारेश्वर से इंदौर तक नशे में बस दौड़ाता रहा जीपीओ पर पकड़ाया

**इंदौर।** ओंकारेश्वर से यात्रियों को लेकर इंदौर आ रही बस का ड्राइवर नशे में गाड़ी दौड़ा रहा था। संयोगितागंज पुलिस ने गुरुवार रात जीपीओ चौराहे पर चेकिंग के दौरान बस को रोका। ब्रीथ एनालाइजर से ड्राइवर की जांच की तो नशे में होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने बस (एमपी-69, पी-0395) जब्त कर यात्रियों को सुरक्षित बस स्टैंड पहुंचाया। संयोगितागंज टीआई केपी यादव के मुताबिक चेकिंग के दौरान ड्राइवर की गतिविधियां संदिग्ध लगने पर उसकी जांच कराई थी। नशे में बस चलाना यात्रियों के साथ-साथ सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा था। यात्रियों ने बताया, ड्राइवर तेज गति से बस दौड़ा रहा था। कई बार बस लहरा गई। वह किसी की नहीं सुन रहा था। मनमानी कर रहा था।

### स्वतंत्रता दिवस पर आईके गर्ल्स स्कूल ने घोषित कर दिया अवकाश

**इंदौर।** स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर जहां सभी शिक्षण संस्थानों में ध्वजारोहण और देशभक्ति के कार्यक्रम होंगे, वहीं आईके गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल प्रबंधन ने इस दिन छुट्टी घोषित कर दी है। इसके लिए अभिभावकों को शुक्रवार को वाट्सएप पर मैसेज भेज दिए। राष्ट्रीय पर्व पर अवकाश को लेकर सवाल उठे तो प्रबंधन ने अजीब तर्क दिया। स्कूल के को-ऑर्डिनेटर सरफराज का कहना है स्कूल ने 13 को ही छात्राओं के लिए स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम रख लिया था। केवल स्टाफ और टीचर्स की मौजूदगी में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम होगा। छात्राएं आना चाहें तो आ सकती हैं।

### साढ़े चार करोड़ की सोने की तीन ईंटें जब्त, 4 गिरफ्तार

**इंदौर।** महाराष्ट्र से कार में इंदौर लाई गई करीब साढ़े चार करोड़ रुपए की सोने की तीन ईंटें बायपास पर डीआरआई ने शुक्रवार को जब्त कीं। फीनिक्स मॉल के सामने कार्रवाई के दौरान तस्करों और डीआरआई अधिकारियों के बीच झूमा-झटकी हुई। तस्करों ने अधिकारियों पर पत्थरों से हमला किया और डीआरआई की कार के कांच फोड़ दिए। इसमें एक अधिकारी घायल हो गया। टीम ने चार लोगों को गिरफ्तार कर सोना और उनके वाहन जब्त कर लिए। डीआरआई को सूचना मिली थी कि महाराष्ट्र से आ रही कार में तीन लोग सोना लेकर इंदौर आ रहे हैं। टीम ने कार का पीछा किया। बायपास पर फीनिक्स मॉल के सामने कार रुकी तो उसमें से एक व्यक्ति बाहर आया और बुलेट सवार व्यक्ति को सोना देने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान डीआरआई टीम ने दबिश दी। टीम को देखते ही कार में बैठे अन्य लोग भी बाहर आ गए और अधिकारियों से झूमा-झटकी करने लगे। इसके बाद उन्होंने पत्थरों से हमला कर दिया। डीआरआई की गाड़ी के कांच भी तोड़ दिए गए। एक अधिकारी घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। टीम ने चारों आरोपियों को काबू कर गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब 1-1 किलो वजन की तीन सोने की ईंटें, कार और बाइक जब्त की गई।

---

### इंदौर नगर निगम के एआरओ के यहां 4.59 करोड़ की प्रॉपर्टी मिली, अफसर सस्पेंड

# रेवेन्यू-ऑफिसर ने पत्नी के नाम खरीदी करोड़ों की 2 बिल्डिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में नगर निगम के सहायक राजस्व अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय के ठिकानों पर लोकायुक्त की कार्रवाई में अब तक 4.59 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति सामने आई है। लोकायुक्त के अनुसार पांडेय की कुल आय करीब 80 लाख रुपए है, जबकि मिली संपत्ति और खर्च आय से 474.84% अधिक पाए गए हैं। कार्रवाई के बाद नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने पांडेय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे लोकायुक्त की दो टीमों ने पांडेय के घर और उनकी पत्नी भावना पांडेय के नाम पर बने हॉस्टल में एक साथ छापा मारा। कार्रवाई में डीएसपी सुनील तालान, आनंद चौहान,





निरीक्षक आशुतोष मिठास और सचिन पटेरिया सहित करीब 20 अधिकारी शामिल रहे।

**दो बिल्डिंगों में 2 करोड़ से ज्यादा खर्च किए-** प्रारंभिक जांच में भावना पांडेय के नाम पर आनंद नगर एक्सटेंशन, नवलखा-चितावद क्षेत्र में जी+3 इमारत मिली है। 40 बाय 50 फीट के प्लॉट पर बनी इस बिल्डिंग के निर्माण पर करीब 1.20 करोड़ रुपए खर्च होने का अनुमान है। इसके अलावा गजाधर नगर, चितावद के गुलमोहर का बगीचा इलाके में भावना पांडेय के नाम जी+2 बिल्डिंग मिली है। इसमें हॉस्टल संचालित होने की जानकारी सामने आई है। इसके निर्माण पर करीब 91.50 लाख रुपए खर्च होने का अनुमान लगाया गया है।

**लोकायुक्त कर रही दस्तावेजों का सत्यापन-** लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार अभी सामने आए आंकड़े प्रारंभिक हैं। दस्तावेजों, बैंक खातों और अन्य संपत्तियों के सत्यापन के बाद अनुपातहीन संपत्ति का अंतिम आकलन किया जाएगा। फिलहाल सर्च कार्रवाई जारी है और संपत्ति के दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

#### सोने-चांदी के जेवर, नकदी और महंगा सामान मिला

लोकायुक्त की इन्वेंट्री में 60.48 लाख रुपए के सोने के जेवर, 4 लाख रुपए से अधिक के चांदी के आभूषण और करीब 60 लाख रुपए मूल्य का घरेलू सामान मिला है। तलाशी के दौरान 2.33 लाख रुपए नकद और बैंक खातों में करीब 7.32 लाख रुपए का बैलेंस भी मिला।

**कृषि जमीन और वाहन भी सामने आए-** जांच में ग्राम मुंडला दोस्दार, तहसील बिचौली हप्सी में 1.279 हेक्टेयर कृषि भूमि मिली, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 81.86 लाख रुपए बताई गई है। इसी क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर 13,500 वर्गफीट कृषि भूमि भी मिली है, जिसकी कीमत करीब 31 लाख रुपए आंकी गई है। पत्नी, बेटे और बेटी के नाम कई चारपहिया और दोपहिया वाहन खरीदे जाने की जानकारी भी मिली है। इन पर करीब 14 लाख रुपए खर्च का आकलन किया गया है।

---

# बाणगंगा ब्रिज निर्माण में एक और पेंच

## साइट के नीचे ही अवंतिका गैस की मुख्य लाइन भी गुजर रही

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बाणगंगा क्षेत्र में बन रहे नए रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में अफसरों और निर्माण एजेंसी की ढिलाई व लचर प्लानिंग का एक और नमूना सामने आया है। ब्रिज की साइट के ठीक नीचे से अवंतिका गैस लिमिटेड की 10 इंच की मुख्य हैडर लाइन गुजर रही है। इस पाइपलाइन से क्षेत्र के करीब 20 हजार घरों और पूरे सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र को गैस की आपूर्ति की जाती है। बिना पूर्व जांच के शुरू किए गए इस काम के कारण प्रोजेक्ट 6 महीनों से अटका पड़ा है और इसका सीधा असर उज्जैन मार्ग पर रोजाना सफर करने वाले हजारों लोगों पर पड़ रहा है।

अवंतिका गैस के अधिकारियों ने निर्माण एजेंसी और लोक निर्माण विभाग को जमीन पर मार्किंग कर पाइपलाइन की स्थिति स्पष्ट कर दी है। कंपनी के मार्केटिंग हेड मनीष वर्मा के अनुसार, यह हैडर लाइन प्रशासनिक मंजूरी और प्लानिंग के



साथ बिछाई गई थी, इसलिए इसे शिफ्ट करने का सवाल ही नहीं उठता। अब पीडब्ल्यूडी ने पाइपलाइन को बचाते हुए संशोधित डिजाइन तैयार कर स्वीकृति के लिए भोपाल भेजी है। जब तक वहां से हरी झंडी नहीं मिलती, काम बंद ही रहेगा।

**डेडलाइन से एक साल पीछे, पूरा होने की कोई गारंटी नहीं-** फरवरी 2022 में स्वीकृत और अगस्त 2023 से जमीन पर शुरू हुए 27 करोड़ रुपए लागत के इस 920 मीटर लंबे एल-शेप ब्रिज को अगस्त 2025 तक बनकर तैयार हो जाना चाहिए था। अब यह प्रोजेक्ट तय समय से कम से कम एक साल की देरी से चल रहा है और इस नए पेंच के बाद इसके पूरा होने का कोई निश्चित समय तय नहीं है।

#### सिंहस्थ में बनेगा बड़ा रोड़ा, सर्विस रोड भी बेहद संकरी

- यह सड़क इंदौर-उज्जैन का मुख्य मार्ग है, जहां से रोजाना करीब 50 हजार वाहन और सावन में हजारों कावड़ यात्री गुजरते हैं।
- **चौड़ाई की समस्याः** 30 मीटर चौड़ी सड़क पर 12 मीटर का ब्रिज उतरने के बाद दोनों तरफ केवल 9-9 मीटर की ही सर्विस रोड बचेगी।
- **सिंहस्थ में बढ़ेगी आफतः** स्थानीय उद्योगपतियों और वाहन चालकों का कहना है कि आगामी सिंहस्थ और बस संचालन के लिहाज से 9 मीटर की सड़क बेहद कम है।
- विभागीय अधिकारियों का तर्क है कि ब्रिज से पहले भी वहां 9-9 मीटर की ही जगह थी, सड़क चौड़ीकरण का काम प्रशासन को देखना है, उनका काम सिर्फ ब्रिज बनाना है।

---

### देशभर में शौर्य

# 2 पुलिस अफसरों सहित 4 को विशिष्ट सेवा पदक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

स्वतंत्रता दिवस 2026 के मौके पर मप्र पुलिस ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। केंद्र सरकार द्वारा घोषित प्रतिष्ठित पुलिस पदकों में मध्यप्रदेश के पुलिस अफसरों व जवानों को कुल 20 पदक हासिल हुए हैं।

इस बार डीआईजी प्रबंध सुनील कुमार पांडेय और एसपी ग्वालियर धर्मवीर सिंह यादव सहित इंस्पेक्टर अनिल भदौरिया और आरक्षक राज लोचन प्रसाद दुबे को राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक से नवाजा गया है। खास बात यह है कि यह पुरस्कार आईपीएस कैडर से लेकर मैदानी स्तर पर काम करने वाले निरीक्षकों और आरक्षकों को भी दिया गया है। वहीं डीआईजी खरगोन सिमाला प्रसाद, एसपी जीआरपी इंदौर यशपाल सिंह राजपूत, एसपी उमरिया विजय भगवानी, इंस्पेक्टर हरनारायण जायसवाल, विजय चौधरी, अमित जैन, अनीता कदम, रजनी तिवारी, एसआई डॉ. संतोष यादव, एएसआई दिनेश चंद नागर, भूपेंद्र सिंह बैस, प्रधान आरक्षक भास्कर प्रताप सिंह, सत्य नारायण यादव, बाघ सिंह तोमर, आरक्षक संतोष नायक, संतोष परिहार को सराहनीय पुलिस सेवा पदक प्रदान किया गया है। इस साल 301 वीरता पदक, 92 राष्ट्रपति विशिष्ट सेवा पदक और 664 सराहनीय सेवा पदक घोषित किए गए। कुल 1057 पदकों में से 961 पदक पुलिस सेवा के खाते में गए। फायर सर्विस में 61, होमगार्ड और सिविल डिफेंस में 21 गए हैं। वहीं जेल सर्विस में भी 14 मेडल दिए गए। इस साल पदक हासिल करने में मप्र पूरे देश में दूसरे स्थान पर है। मप्र ने 4 विशिष्ट सेवा पदक जीतकर महाराष्ट्र (3), तमिलनाडु (3) और गुजरात (2) जैसे राज्यों को पीछे छोड़ दिया है।

---

# मुझे 2 हजार लोगों ने घेर लिया था : विजयवर्गीय

### इंदौर में कहा- पश्चिम बंगाल का प्रभारी था, तब वहां की सरकार घुसपैठियों को बुलाती थी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने भारत विभाजन के इतिहास, वोट बैंक की राजनीति और बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे पर विपक्षी दलों को घेरा। उन्होंने कहा कि इतिहास को याद रखने का उद्देश्य किसी समाज के प्रति नफरत पैदा करना नहीं, बल्कि अतीत की गलतियों से सीख लेकर उनकी पुनरावृत्ति रोकना है।

विजयवर्गीय ने कहा कि जब बंगाल का प्रभारी था तो देखा कि किस तरह वहां की सरकार घुसपैठियों को बुलाती थी, उनके आधार कार्ड बनाती थी और अपनी जनसंख्या बढ़ाती थी। वहां सीमावर्ती जिले आज असंतुलित हो गए हैं।

मुर्शिदाबाद में मुझे दो हजार लोगों ने घेर लिया था। वहां 75 प्रतिशत अल्पसंख्यक लोग हैं। अन्य राजनीतिक दल कुर्सी की चिंता करते हैं। हमें गर्व है कि भाजपा कुर्सी की चिंता नहीं करती है। विजयवर्गीय ने कहा कि राजनीति में जातिवाद और वोट बैंक का मुद्दा पहले से मौजूद है। जोगेंद्रनाथ मंडल नाम के बंगाल के दलित नेता रहे हैं। जिन्ना ने उनसे दोस्ती की थी कि वहां पाकिस्तान बनाएंगे और दलित को पूरा सम्मान देंगे। वह उनके साथ चले गए। उस समय उन्हें लाभ मिनिस्टर बनाया। वहां अत्याचार चालू हो गया था। सरकार में होने के बाद रोकने का प्रयास किया। विरोध करते थे तो उनकी जान को खतरा होने लगा। वह भागकर बंगाल आए, तीन पेज का इस्तीफा सरकार को दिया। मुस्लिम-दलित गठबंधन, जहां मुस्लिम समाज जाता है, वहां रावण नया नेता बन गया। देश मजबूत जाति के बंटवारे से नहीं होगा।

विजयवर्गीय ने कहा कि 14 अगस्त केवल कैलेंडर की तारीख नहीं, बल्कि भारत के इतिहास का दर्दनाक दिन है। 15 अगस्त को देश आजादी का जश्न मना रहा था, उसी समय विभाजन के कारण लाखों लोग विस्थापन, हिंसा और पीड़ा झेल रहे थे। इतिहास के इन अध्यायों को याद रखना जरूरी है, ताकि आने वाली पीढ़ी को पता रहे कि देश ने किन परिस्थितियों से गुजरकर आजादी हासिल की।

---

# सेहत के लिए सख्ती, ऑनलाइन लिस्टिंग और गोडाउन से भी हटाने होंगे एनालॉग दुग्ध उत्पाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

प्रदेश में एनालॉग दूध उत्पादों के निर्माण, भंडारण, परिवहन, वितरण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के बाद अब खाद्य विभाग ने ऑनलाइन कारोबार करने वाली कंपनियों और बड़े रिटेल प्लेटफॉर्म पर भी शिकंजा कस दिया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के संचालक ने शुक्रवार को पत्र जारी कर ई-कॉमर्स और बड़े रिटेल संस्थानों के सभी स्टेट हेड को स्पष्ट निर्देश दिए हैं। विभाग ने साफ किया है कि प्रतिबंधित एनालॉग दूध उत्पाद किसी भी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, वेबसाइट, मोबाइल एप या गोदाम (गोडाउन) में उपलब्ध नहीं होने चाहिए। विभाग ने सख्त



लहजे में कहा है इन प्लेटफॉर्म्स के जरिए प्रतिबंधित उत्पादों का संग्रहण, वितरण या बिक्री किसी भी हाल में नहीं होनी चाहिए।

नए निर्देशों के तहत ई-कॉमर्स कंपनियों को अपने प्लेटफॉर्म और गोदामों की तत्काल जांच करनी होगी। यदि कोई प्रतिबंधित एनालॉग दुग्ध उत्पाद ऑनलाइन सूचीबद्ध है, तो उसे तुरंत हटाना होगा। विभाग ने कंपनियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि इन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से ऐसे उत्पादों की ऑनलाइन बिक्री या होम डिलीवरी न हो सके।

खाद्य विभाग के अनुसार, प्रतिबंधित एनालॉग दूध उत्पाद वे हैं जो दिखने में हूबहू पनीर जैसे होते हैं, लेकिन उन्हें बनाने में दूध के प्राकृतिक फैट (वसा) को पूरी तरह या आंशिक रूप से हटाकर उसकी जगह वनस्पति तेल, वनस्पति वसा या अन्य गैर-दुग्ध पदार्थों का इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण, परिवहन और बिक्री पर तत्काल प्रभाव से एक साल के लिए रोक लगाई गई है। एनालॉग उत्पादों में इस्तेमाल होने वाला वनस्पति तेल और हाइड्रोजनेटेड फैट ट्रांस-फैट से भरपूर होता है। यह शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को तेजी से बढ़ाता है और अच्छे कोलेस्ट्रॉल को कम करता है। इससे नसों (धमनियों) में रुकावट आने लगती है, जिससे हाई ब्लड प्रेशर, कोरोनरी आर्टरी डिजीज और हार्ट अटैक का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।

---

### आठ दिन बाद भी इंदौर के अद्वैत का सुराग नहीं, अब टेक्निकल जांच शुरू

# 100 घंटे की सर्चिंग के बाद शिवगंगे पहाड़ियों में सर्च ऑपरेशन बंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के अद्वैत उपाध्याय को लापता हुए आठ दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस और रेस्क्यू टीमों को अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है। कर्नाटक की शिवगंगे पहाड़ियों में 100 घंटे से ज्यादा चले सर्च ऑपरेशन के बाद पुलिस ने शुक्रवार को तलाशी अभियान बंद कर दिया। अब जांच का फोकस तकनीकी और अन्य संभावित पहलुओं पर किया जा रहा है।

अद्वैत की तलाश में पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, वन विभाग, फोरेंसिक टीम समेत विभिन्न एजेंसियों के 100 से ज्यादा लोग जुटे रहे। दुर्गम और खतरनाक ढलानों के साथ चट्टानी इलाकों में ड्रोन कैमरों से भी लगातार निगरानी की गई। कर्नाटक के चर्चित पर्वतारोही



ज्योति राज उर्फ कोठी राज की टीम को भी बुलाया गया था। ह्यस्पाइडर मैनह्ल के नाम से मशहूर ज्योति राज की टीम ने दो दिन तक दुर्गम हिस्सों में तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिली।

**7 अगस्त को ट्रेकिंग के लिए निकले थे-** अद्वैत ने अपनी मंगेतर को शिवगंगे पहाड़ियों में ट्रेकिंग पर जाने की जानकारी दी थी। इसके बाद उन्होंने बाइक किराए पर ली और 7 अगस्त की सुबह करीब 6:30 बजे शिवगंगे पहुंचे। पहाड़ी की तलहटी में उनकी किराए की बाइक मिली। पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में अद्वैत पहाड़ी की ओर जाते और चढ़ाई शुरू करते दिखाई दिए हैं। इसके बाद उनका कोई पता नहीं चला। अब रेस्क्यू ऑपरेशन बंद होने के बाद पुलिस उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों और अन्य संभावित कड़ियों के आधार पर उनकी तलाश और मामले की जांच आगे बढ़ा रही है।

#### आत्महत्या के साथ दूसरे एंगल पर भी जांच

पुलिस को अद्वैत की ऑनलाइन सर्च हिस्ट्री से कुछ ऐसी जानकारियां मिली थीं, जिनसे पहाड़ी से गिरने के बाद व्यक्ति की मृत्यु में लगने वाले समय को लेकर उनकी रुचि सामने आई थी। इसी आधार पर शुरूआती जांच में आत्महत्या की आशंका को एक एंगल माना गया था। हालांकि, आठ दिन तक व्यापक सर्चिंग के बावजूद अद्वैत का कोई सुराग नहीं मिलने के बाद पुलिस अब दूसरे संभावित पहलुओं पर भी जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक केवल आत्महत्या की आशंका के आधार पर जांच को सीमित रखना उचित नहीं होगा। इसलिए पासपोर्ट, विदेश यात्राओं और अन्य तकनीकी पहलुओं की भी पड़ताल की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी। पुलिस को अद्वैत का मोबाइल शांताला ड्रॉप के पास मिला था। इसके बाद जांचकर्ताओं ने मोबाइल की लोकेशन, कॉल डिटेल और दूसरी तकनीकी जानकारियां खंगालनी शुरू कीं।

#### अगर अद्वैत पहाड़ी पर गए थे तो वे गए कहां?

सीसीटीवी में पहाड़ी की ओर जाते दिखे, बाइक तलहटी में मिली, मोबाइल शांताला ड्रॉप के पास मिला, लेकिन आठ दिन की व्यापक सर्चिंग के बाद भी न अद्वैत मिले और न ऐसा कोई निर्णायक साक्ष्य मिला जिससे उनकी स्थिति स्पष्ट हो सके। यही वजह है कि अब पुलिस के सामने सिर्फ पहाड़ी पर हादसे या आत्महत्या का सवाल नहीं, बल्कि अद्वैत के लापता होने के पीछे किसी अन्य संभावना को भी तलाशने की चुनौती है।

## पाकिस्तानी पीएम की धमकी- पानी रोका तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

**कराची।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सिंधु जल समझौते को लेकर भारत को एक बार फिर धमकी दी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के हिस्से के पानी पर कोई समझौता नहीं होगा। अगर इसे रोकने या कम करने की कोशिश हुई तो उसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री शहबाज ने गुरुवार को इस्लामाबाद में एक कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि कश्मीर पर पाकिस्तान का रुख कभी नहीं बदलेगा। अपने भाषण में शहबाज ने एक बार फिर सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की तारीफ करते हुए दावा किया कि उनके नेतृत्व में पाकिस्तान ने भारत को हराया। सिंधु जल समझौता समझौता भारत-पाकिस्तान के बीच नदियों के पानी का बंटवारा करता है। 19 सितंबर 1960 को भारत के प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने इस पर दस्तखत किए थे। इसके जरिए सिंधु जल प्रणाली में पूरब की 3 नदियों का पानी भारत को और पश्चिम की 3 नदियों का पानी पाकिस्तान को देना तय हुआ था। भारत को रावी, ब्यास और सतलुज नदियों के पानी के उपयोग का अधिकार मिला। 65 साल तक ये संधि चलती रही, लेकिन अप्रैल 2025 में भारत ने इसे निलंबित कर दिया। तभी से यह मुद्दा दोनों देशों के बीच तनाव की बड़ी वजह बना हुआ है। भारत का कहना है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ठोस और भरोसेमंद कार्रवाई नहीं करता, तब तक संधि पर रोक जारी रहेगी। पाकिस्तान का दावा है कि यह संधि अब भी कानूनी रूप से प्रभावी है और इसे एकतरफा निलंबित नहीं किया जा सकता।

## ट्रम्प ने ड्रोन इंपोर्ट पर 100% तक टैरिफ लगायाःराष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला दिया

**वाशिंगटन।** अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अनमैन्ड ड्रोन और उनके कंपोनेंट्स के आयात यानी इंपोर्ट पर 100% तक का टैरिफ लगाने का ऐलान किया। अमेरिका ने राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों और चीनी कंपनियों के वर्चस्व वाले इस सेक्टर में दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से यह फैसला लिया है। व्हाइट हाउस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस फैसले से अमरीका में ड्रोन और उनके कंपोनेंट्स का घरेलू प्रोडक्शन बढ़ेगा और विदेशी सप्लाई चेन पर निर्भरता कम होगी। पिछले साल तक अमेरीकी कॉमर्शियल ड्रोन बाजार में चीनी कंपनी की लगभग 70% हिस्सेदारी थी। व्हाइट हाउस के मुताबिक, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील माने जाने वाले ड्रोन पर 100% टैरिफ लगाया जाएगा। हस्ताक्षर के 20 दिनों के भीतर अमरीकी युद्ध विभाग यानी डिपार्टमेंट ऑफ वॉर द्वारा ऋछउ की कवर्ड लिस्ट से छूट प्राप्त प्रोडक्ट्स और कंपोनेंट्स पर भी टैरिफ 180 दिनों बाद प्रभावी होगा। अमेरिका ने केवल विरोधी देशों पर ही नहीं, बल्कि अपने सहयोगी देशों से आने वाले ड्रोन पर भी टैरिफ लागू किया है- 15% टैरिफः यूरोपीय यूनियन (एव), जापान, लिकटेंस्टीन, दक्षिण कोरिया, स्विट्जरलैंड और ताइवान से इम्पोर्ट होने वाले ड्रोन और पुर्जों पर 15% सीमा शुल्क लगेगा। 10% टैरिफः यूनाइटेड किंगडम (वङ) से आने वाले ड्रोन पर 10% शुल्क रहेगा, बशर्ते उनके अधिकांश सॉफ्टवेयर और टेक्नोलॉजी की उत्पत्ति वङ या अमरीका में हुई हो।

## राष्ट्रपति बोलीं- सिंधु जल संधि निलंबित करना सही कदम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा- आतंकवाद को पनाह देने वाले देश के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करना किसानों के लिए एक निर्णायक कदम है। हम 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। नागरिक राष्ट्र के लिए सदैव जागरूक रहें। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हमारे स्टूडेंट भारत के भविष्य निमार्ता हैं। जिस तरह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सरकार और समाज का एकजुट रहना जरूरी है। उसी तरह विद्यार्थियों के वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी सभी के सम्मिलित प्रयास जरूरी हैं। राष्ट्रपति ने कहा- हमारा संविधान जनभागीदारी पर आधारित है। उस भावना को हमारे देशवासी आगे बढ़ा रहे हैं यह हमारी लोकतंत्र की उपलब्धि है। अब से कुछ ही घंटों बाद, हमारे देश की स्वाधीनता के 80वें वर्ष का शुभारंभ होगा। देश-विदेश में रहने वाले सभी भारतीय यह पर्व उल्लास के साथ मनाते हैं। हमारा तिरंगा हमारी स्वाधीनता का प्रतीक है। इसे हम पूरी शान से फहराते हैं। द्रौपदी मुर्मू ने कहा- 15 अगस्त 1947 के दिन भारतमाता पराधीनता की बेड़ियों से मुक्त हुईं। सभी देशवासी, स्वतंत्र भारत की नियति के निमार्ता बने। निष्ठावान विद्यार्थी और शिक्षक, विकास के लिए तत्पर वैज्ञानिक और इंजीनियर, स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी, मेहनती अन्नदाता किसान, अपने प्रयासों से राष्ट्र-निर्माण कर रहे हैं।

## डोभाल बोले- भारत की सहनशीलता को कमजोरी न समझें

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने कहा कि भारत की उदारता और सहनशीलता को कमजोरी नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत जोखिम उठा सकता है और नतीजों की परवाह किए बिना कड़ा प्रहार कर सकता है। डोभाल ने यह बात डिस्कवरी की आने वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज ह्यडिक्लासिफाइडः ऑपरेशन सिंदूरह्न में कही है। यह ऑपरेशन 88 घंटे चला था और इसका मकसद खास तौर पर पहलगाम आतंकी हमले के जिम्मेदार दुश्मन के कैंप तबाह करना था। यह ऑपरेशन पर डोभाल का पहला इंटरव्यू है। उन्होंने कहा, हमने ऑपरेशन का मकसद दुश्मन के कैंप तबाह करना तय किया था, खास तौर पर उन कैंपों को, जो पहलगाम हमले के जिम्मेदार थे।

# दावा- चीनी सामान भारत के रास्ते अमेरिका भेजा जा रहा, टैरिफ से बचने की कोशिश

## अमेरिकी रिपोर्ट में पुणे, गुजरात और चेन्नई नेटवर्क का हिस्सा

ब्रह्मास्त्र ›› वॉशिंगटन

अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिए चीनी प्रोडक्ट्स को भारत के रास्ते अमेरिकी बाजारों में पहुंचाया जा रहा है। यह दावा व्हाइट हाउस की रिपोर्ट ह्यद ग्रेट ट्रांसशिपमेंट स्कैमः राइज, स्कोप एंड कॉस्ट्स में किया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन से आने वाले सामान या पार्ट्स को पहले भारत समेत दूसरे एशियाई देशों में भेजा जाता है। वहां उन्हें प्रोसेस, असेंबल या किसी दूसरे प्रोडक्ट में इस्तेमाल किया जाता है। इसके बाद तैयार सामान को अमेरिका निर्यात किया जाता है। अमेरिकी प्रशासन का आरोप है कि इससे चीन पर लगाए गए टैरिफ से बचने का रास्ता मिल सकता है। रिपोर्ट में इसके लिए दुनिया भर में ट्रेड रूट्स का नेटवर्क बनने की बात कही गई है। भारत के पुणे, गुजरात और चेन्नई को चीन से आने वाले सामान के एक अहम रास्ते के तौर पर बताया गया है। रिपोर्ट में यहां बनने वाले इंडस्ट्रियल पंप और कंप्रेसर में चीनी पार्ट्स का इस्तेमाल होने की संभावना का खास तौर पर जिक्र किया गया है।



### मलेशिया, इंडोनेशिया, वियतनाम और थाईलैंड का भी जिक्र

व्हाइट हाउस की रिपोर्ट में सिर्फ भारत का जिक्र नहीं है। इसमें मलेशिया, इंडोनेशिया, वियतनाम और थाईलैंड के उन इलाकों का भी जिक्र है, जहां बड़े पैमाने पर सामान बनाया और दूसरे देशों को भेजा जाता है।

### रिपोर्ट में रूट नेटवर्क को अग्ली सिस्टर सिटीज कहा गया

चीनी सामान को तीसरे देशों के जरिए अमेरिका भेजने के लिए इस्तेमाल हो रहे रूट नेटवर्क को रिपोर्ट में ह्यअग्ली सिस्टर सिटीजह्न कहा गया है। इसका मतलब शहरों की सुंदरता या बदसूरती से नहीं है। यह शब्द अलग-अलग देशों के ऐसे औद्योगिक शहरों के लिए इस्तेमाल किया गया है, जहां एक जैसे प्रोडक्ट बनते हैं और वे अमेरिकी बाजार में एक-दूसरे से मुकाबला करते हैं। भारत के मामले में रिपोर्ट ने पुणे, गुजरात और चेन्नई की तुलना अमेरिका के ओहायो राज्य के सिनसिनाटी, डेटन और कोलंबस से की है। इन अमेरिकी शहरों में भी पंप, कंप्रेसर और दूसरे औद्योगिक सामान का उत्पादन और कारोबार होता है। रिपोर्ट का तर्क है कि अगर तीसरे देशों के जरिए कम टैरिफ पर सामान अमेरिका पहुंचता है, तो वहां के स्थानीय निमार्ताओं को नुकसान हो सकता है। अमेरिकी कंपनियों को कम कीमत वाले आयात से मुकाबला करना पड़ सकता है। इसका असर उत्पादन, ऑर्डर और नौकरियों पर भी पड़ सकता है।

### बोले- परमाणु हथियार रखने वाला पहला ऐसा देश होगा; इजराइल को लेकर इंग्लैंड में सोच बदली

# नेतन्याहू ने ब्रिटेन को बताया इस्लामिक रिपब्लिक

ब्रह्मास्त्र ›› इजराइल

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ब्रिटेन पर तंज कसते हुए उसे इस्लामिक रिपब्लिक बताया। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन ऐसा इस्लामिक देश बन सकता है, जिसके पास परमाणु हथियार हों। नेतन्याहू ने यह बात गुरुवार को आर्मी रेडियो के एक पॉडकास्ट में कही। नेतन्याहू ने ब्रिटेन की मौजूदा स्थिति की तुलना ईरान से करते हुए कहा कि इजराइल यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि ईरान परमाणु हथियार हासिल न कर सके।

नेतन्याहू ने कहा आप ब्रिटेन को इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ब्रिटेन कह सकते हैं। किसी ने कहा था कि परमाणु हथियार रखने वाला पहला इस्लामिक रिपब्लिक ब्रिटेन होगा। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि ऐसा दूसरा देश न हो आप जानते हैं मैं ईरान की बात कर रहा हूं। नेतन्याहू ब्रिटेन और यूरोप में आबादी में हो रहे बदलावों की बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ दशक पहले ब्रिटेन में इजराइल को लेकर सोच आज से काफी अलग थी।



### नेतन्याहू यूरोप को लेकर ऐसा क्यों कहते हैं?

नेतन्याहू ने यह भी कहा कि पूरे यूरोप में ब्रिटेन जैसी स्थिति बन रही है। वह पहले भी यूरोप में बढ़ती मुस्लिम आबादी और दूसरे देशों से आने वाले मुस्लिम प्रवासियों को लेकर चिंता जता चुके हैं। उनका कहना है कि यूरोपीय देशों में मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ वहां की सरकारों का इजराइल के प्रति रुख भी बदल रहा है। 7 अक्टूबर 2023 को हमास के इजराइल पर हमले के बाद गाजा में इजराइली सैन्य कार्रवाई शुरू हुई। इसके बाद कई यूरोपीय देशों ने इजराइल की कार्रवाई और गाजा में आम लोगों की स्थिति को लेकर उसकी आलोचना की। नेतन्याहू का मानना है कि यूरोप में आबादी में हो रहे बदलाव भी इजराइल के खिलाफ बढ़ती आलोचना की एक वजह हैं।

## ईरान जंग ने तेल कारोबार का तरीका बदलाःहोर्मुज पर खाड़ी देशों का भरोसा खत्म

**नई दिल्ली।** छह महीने पहले तक खाड़ी देशों के लिए तेल बेचना बेहद आसान था। सबसे कम लागत में तेल निकालो, होर्मुज स्ट्रेट के रास्ते दुनिया तक पहुंचाओ और सबसे ज्यादा कीमत देने वाले देशों को बेच दो। लेकिन ईरान के साथ जंग के बाद यह मॉडल बदल गया है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के बाद होर्मुज स्ट्रेट से तेल ढुलाई लगातार प्रभावित रही। समुद्री बारूदी सुरंगों, मिसाइल और ड्रोन हमलों के खतरे, अमेरिका और ईरान की नाकेबंदी तथा बढ़ी बीमा लागत के कारण इस रास्ते से हर दिन गुजरने वाला कच्चा तेल 2 करोड़ बैरल से घटकर 37 लाख बैरल रह गया। इसी वजह से सऊदी अरब, वअए और कुवैत समेत कई खाड़ी देश अब होर्मुज पर निर्भरता कम करने में जुट गए हैं। नई पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं, पुरानी लाइनों की क्षमता बढ़ाई जा रही है और एशिया में ऑयल स्टोरेज तैयार किया जा रहा है।

# जापान में एक घंटे में पूरे महीने की बारिशः 4 की मौत

## एयरपोर्ट पर 7 हजार लोग फंसे; पहली बार खतरे की सबसे ऊंची चेतावनी जारी

ब्रह्मास्त्र ›› टोक्यो

जापान की राजधानी टोक्यो से सटे चिबा प्रांत में गुरुवार रात महज एक घंटे में 115 मिमी बारिश हुई। यह सामान्य तौर पर पूरे अगस्त महीने में होने वाली बारिश के बराबर है।

मूसलाधार बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति बन गई, जिसमें अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 5 घायल भी हुए हैं।

भारी बारिश के कारण नारिता एयरपोर्ट पर 7 हजार यात्री रातभर फंसे रहे, जबकि 4 लाख से ज्यादा लोगों को घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाने का आदेश देना पड़ा।



स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने पहली बार इस इलाके के लिए लेवल-5 की सबसे ऊंची चेतावनी जारी की है। यह सबसे ऊंचा अलर्ट होता है, जिसे जान पर तत्काल खतरा होने की स्थिति में जारी किया जाता है।

मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, गर्म और नमी वाली हवा जब ऊपर मौजूद ठंडी हवा से मिली, तो वातावरण बेहद खराब हो गया। इसी वजह से बहुत तेज बारिश हुई। विभाग ने बताया कि शुक्रवार देर रात तक बारिश जारी रहने की आशंका है। लगातार बारिश के कारण कई इलाकों में बाढ़ और भूस्खलन से हालात बिगड़ गए। करीब 45 हजार घरों की बिजली गुल हो गई, जबकि राहत और बचाव अभियान तेज कर दिया गया है। प्रभावित इलाकों में लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए जापान की सेना भी तैनात की गई है। इचिकावा शहर में बाढ़ से भरी सड़क पर 60 से 70 साल उम्र के एक व्यक्ति का शव मिला। वहीं, सकुरा शहर में 66 साल की एक महिला की मौत हो गई। उनकी कार बाढ़ के पानी में फंस गई थी।

## अमेरिकी सर्वे-10 में 9 पाकिस्तानी भारत को खतरा मानते हैं

## भारतीयों के लिए रूस सबसे अहम पार्टनर

10 में से 9 पाकिस्तानी भारत को खतरा मानते हैं, ये बात अमेरिकी प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे में सामने आई है। इंडियंस भी अपना सबसे बड़ा दुश्मन पाकिस्तान को ही मानते हैं। सर्वे में कहा गया कि दोनों देशों के लोग पड़ोसी के साथ अच्छे रिश्ते चाहते हैं, लेकिन भरोसे की कमी है। भारत अपना सबसे अहम पार्टनर रूस को मानता है। वहीं, पाकिस्तान ने चीन को अपना सबसे बड़ा सहयोगी देश माना है।

अमेरिकी सर्वे

### भारत में 78% लोगों की पाकिस्तान पर नेगेटिव राय

| भारत | पाकिस्तान |
|---|---|
| 54% भारतीय लोगों ने पाकिस्तान को सबसे बड़ा खतरा बताया। | 43% पाकिस्तानी लोगों ने भारत को सबसे बड़ा खतरा बताया। |
| 78% भारतीय लोगों की पाकिस्तान के बारे में राय नेगेटिव है | 91% पाकिस्तानी लोगों ने भारत के बारे में नेगेटिव राय दी है |
| 65% भारतीय लोगों ने बहुत नेगेटिव राय जताई | 73% पाकिस्तानी लोगों ने बहुत नेगेटिव राय जताई |

अमेरिकी सर्वे

### 58% भारतीयों की रूस को लेकर पॉजिटिव राय

भारत में 36% लोगों ने रूस को अपना सबसे जरूरी सहयोगी बताया। अमेरिका को 16% लोगों ने चुना। वहीं, पाकिस्तान में 75% लोगों ने चीन को अपना बड़ा सहयोगी माना। 12% ने सऊदी अरब को देश का दोस्त बताया।

रूस

58% भारतीय लोगों ने रूस के बारे में पॉजिटिव राय जताई | 39% पाकिस्तानी लोगों ने रूस के बारे में पॉजिटिव राय जताई

पुतिन पर भरोसा

51% भारत | 32% पाकिस्तान

चीन

21% भारतीय लोगों ने चीन को सबसे बड़ा खतरा बताया। | 75% पाकिस्तानी लोगों ने चीन को सबसे जरूरी सहयोगी माना।

अमेरिका

45% भारतीय लोगों ने अमेरिका के बारे में पॉजिटिव राय जताई | 15% पाकिस्तानी लोगों ने अमेरिका के बारे में पॉजिटिव राय जताई

ट्रम्प पर भरोसा

39% भारत | 12% पाकिस्तान

# पुतिन पहली बार जापान के दावे वाले कुरील आइलैंड पहुंचे...

## जापान बोला- ये हमारा हिस्सा, 80 साल से 4 द्वीपों को लेकर दोनों में विवाद

### रूस और जापान में 4 द्वीपों को लेकर विवाद

ब्रह्मास्त्र ›› मॉस्को/टोक्यो

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गुरुवार को पहली बार जापान के दावे वाले विवादित कुरील द्वीप समूह का दौरा किया। क्रेमलिन ने पुतिन के दौरे का वीडियो जारी किया। उन्होंने कुरील द्वीप पर एक फिश प्रोसेसिंग प्लांट का दौरा किया। पुतिन की इस यात्रा के बाद जापान ने कड़ा विरोध जताया और कहा कि यह इलाका उसका हिस्सा है। रूस और जापान के बीच प्रशांत महासागर में 4 द्वीपों को लेकर 80 साल से विवाद है। जापान इसे नॉर्दर्न टेरिटरीज कहता है जबकि रूस इन्हें कुरील आइलैंड ग्रुप का हिस्सा मानता है।

रूस और जापान के बीच प्रशांत महासागर में स्थित चार द्वीपों को लेकर विवाद है। जापान इन्हें 'नॉर्दर्न टेरिटरीज' (उत्तरी क्षेत्र) कहता है, जबकि रूस इन्हें कुरील द्वीप समूह का हिस्सा मानता है। द्वितीय विश्व युद्ध के आखिरी दिनों में 1945 में सोवियत संघ ने इन द्वीपों पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद यहां रहने वाले करीब 17 हजार जापानी नागरिकों को वहां से हटा दिया गया।



कब्जे के बाद सोवियत संघ ने यहां हवाई और नौसैनिक अड्डे बनाए। प्रशांत महासागर में रणनीतिक स्थिति होने की वजह से इन द्वीपों का सैन्य महत्व लगातार बढ़ता गया। आज भी रूस यहां बड़ी संख्या में सैनिक और आधुनिक सैन्य उपकरण तैनात रखता है।

द्वितीय विश्व युद्ध खत्म होने के बाद ज्यादातर देशों ने आपस में शांति संधि (पीस ट्रीटी) पर हस्ताक्षर कर दिए थे, लेकिन कुरील द्वीपों के विवाद की वजह से रूस और जापान आज तक ऐसा नहीं कर सके हैं।

### रूस 2 द्वीप देने का तैयार हुआ, जापान नहीं माना

1956 में सोवियत संघ और जापान के बीच राजनयिक संबंध बहाल होने के बाद विवाद सुलझाने की कोशिश शुरू हुई। उस समय सोवियत नेता निकिता ख्रुश्चेव ने शांति समझौते के बदले शिकोतान और हाबोमाई द्वीप जापान को लौटाने का प्रस्ताव दिया था, लेकिन जापान चार से कम मानने को तैयार नहीं था।

1991 में सोवियत संघ के टूटने के बाद भी रूस और जापान के बीच कई दौर की बातचीत हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। 2010 में तत्कालीन रूसी राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव इन विवादित द्वीपों का दौरा करने वाले पहले रूसी राष्ट्रपति बने।

इसके बाद रूस ने यहां अपनी सैन्य मौजूदगी और मजबूत की, जबकि जापान लगातार अपना दावा दोहराता रहा। यूक्रेन युद्ध के बाद दोनों देशों के रिश्ते और खराब हो गए। अब पुतिन का यह दौरा इन विवादित द्वीपों पर रूस के दावे को फिर से मजबूत करने के मैसेज के तौर पर देखा जा रहा है

### कुरील के 4 द्वीपों पर विवाद




### दोनों देशों में नाम लगभग एक जैसे

खास बात यह है कि इन विवादित द्वीपों के नाम दोनों देशों में लगभग एक जैसे हैं। रूस इन्हें कुनाशिर, इतुरुप, शिकोतान और हाबोमाई कहता है, जबकि जापान इन्हें कुनाशिरी, एतोरोफू, शिकोतान और हाबोमाई के नाम से जानता है। इन चारों द्वीपों पर करीब 20 हजार लोग रहते हैं। यहां बहुत ठंड पड़ती है, लेकिन सोना-चांदी जैसे खनिज और मछलियों के बड़े भंडार होने की वजह से इन द्वीपों की आर्थिक अहमियत काफी ज्यादा है।

# समय रैना समेत 5 कॉमेडियन के खिलाफ केस रद्द, दिव्यांगों पर कमेंट पर एफआईआर हुई थी





दिव्यांगों के खिलाफ कमेंट के केस में सुप्रीम कोर्ट ने कॉमेडियन समय रैना समेत पांच के खिलाफ दर्ज केस शुक्रवार को रद्द कर दिए। इन पर इंजियाज गॉट लेटेंट शो में दिव्यांगों के खिलाफ कमेंट और उनका मजाक उड़ाने एफआईआर दर्ज की गई थी।

अब सुप्रीम कोर्ट ने ही दिव्यांगों के जागरूकता लाने की कोशिशों पर इन कॉमेडियंस की तारीफ की। अदालत ने दिव्यांगों और स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए चेस टूनामेंट कराने पर कहा कि ये प्रतिभाशाली युवा हैं। अदालत ने कॉमेडियन समय रैना, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर और निशांत जगदीश तंवर के खिलाफ दर्ज केस रद्द कर दिए। सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच ने कहा- इन पांचों की ओर से दिव्यांग लोगों के लिए जागरूकता और फंड जुटाने के प्रयास सराहनीय हैं। अगर इन्होंने अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाई है, तो इसके अच्छे नतीजे सामने आएंगे। हालांकि, कोर्ट अभी इस बात पर विचार करेगा कि ऑनलाइन और एंटरटेनमेंट कंटेंट में दिव्यांगों के सम्मान और गरिमा के लिए क्या नियम और दिशा-निर्देश बनाए जा सकते हैं।

## स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी जैसी गंभीर बीमारी का मजाक बनाया था

यह विवाद इंडियाज गॉट लेटेंट के एक एपिसोड से जुड़ा है। शो में दिव्यांग लोगों और रटअ (स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी) जैसी गंभीर बीमारी को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद विवाद खड़ा हो गया था। इसके बाद समय रैना, विपुल गोयल, बलराज घई, सोनाली ठक्कर और निशांत तंवर समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किए गए थे। क्योर एसएमए इंडिया फाउंडेशन ने भी सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि ऐसे मजाक और टिप्पणियां दिव्यांग लोगों की गरिमा को ठेस पहुंचाती हैं। साथ ही ऑनलाइन कंटेंट को लेकर बेहतर नियम बनाने की मांग की गई थी।

## ऑस्ट्रेलिया में सम्मान मिला, भावुक हुईं रानी मुखर्जीः प्रतिष्ठित ला यूनिवर्सिटी से सम्मान मिला



बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी को ऑस्ट्रेलिया की ला ट्रोब यूनिवर्सिटी ने 'डॉक्टर ऑफ लेटर्स' (डी.लिट.) की मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया है। स्टेज पर यह सम्मान लेते व्यक्त रानी मुखर्जी भावुक दिखाई दीं। मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वेयर में इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2026 के दौरान 14 अगस्त को आयोजित समारोह में उन्हें यह सम्मान दिया गया। उन्हें तीन दशक के करियर और सामाजिक मुद्दों पर बनी फिल्मों में योगदान के लिए रानी को यह सर्वोच्च उपाधि मिली है। वे शाहरुख खान के बाद ला ट्रोब यूनिवर्सिटी से यह सम्मान पाने वाली दूसरी भारतीय कलाकार बन गई हैं। ला ट्रोब यूनिवर्सिटी ने इससे पहले साल 2019 में शाहरुख खान को सिनेमा और सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए मानद डॉक्टरेट दी थी और उनके नाम पर पीएचडी स्कॉलरशिप की घोषणा की थी।

## सनी देओल बोले- 'मैं दुनिया का पापा हूं':'ऑगी एंड द कॉकरोचेज' कार्टून का डायलॉग सुनाया

अभिनेता सनी देओल अपनी नई फिल्म 'बंटवारा 1947' के प्रमोशन के सिलसिले में कोलकाता पहुंचे थे। फिल्म की स्टारकास्ट और डायरेक्टर राजकुमार संतोषी के साथ आयोजित एक कार्यक्रम में सनी ने फैंस से सीधी बातचीत की। इस दौरान एक फैन के कहने पर उन्होंने मशहूर एनिमेटेड शो 'ऑगी एंड द कॉकरोचेज' का एक डायलॉग अपनी आवाज में बोलकर सुनाया। हिंदी में डब हुए इस कार्टून शो में जैक नाम के किरदार की आवाज सनी देओल की मिमिक्री स्टाइल में रखी गई है। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### बिना शो देखे बोले 'मैं पापा हूं, दुनिया का पापा'



कोलकाता के ऑडिटोरियम में हुए इस कार्यक्रम के दौरान एक फैन ने सनी देओल से कार्टून शो से जुड़ा एक डायलॉग बोलने का निवेदन किया। फैन ने एक्टर को बताया कि 'ऑगी एंड द कॉकरोचेज' शो में उनकी आवाज जैसी डबिंग में एक लाइन है, 'ओये मैं पापा हूं, दुनिया का पापा'।

सनी देओल ने मुस्कुराते हुए कहा कि उन्होंने यह शो कभी नहीं देखा है, लेकिन वे कोशिश करते हैं। इसके बाद सनी ने अपने सिग्नेचर पंजाबी और हिंदी अंदाज में जोर से यह डायलॉग बोला, जिसे सुनकर पूरे हॉल में मौजूद फैंस ने जमकर तालियां बजाईं।

# गोविंदा पर भड़कीं पत्नी सुनीता आहूजा; बोलीं- शर्म आनी चाहिए, शुगर डैडी बन गया

## बेटी की उम्र की लड़की के साथ घूम रहा है

अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा ने अपने पति पर तीखा हमला बोला है। सुनीता ने गोविंदा के एक्ट्रेस कोमल रॉय के साथ एयरपोर्ट पर दिखने पर कड़ी नाराजगी जताई।

सुनीता ने कहा कि गोविंदा को बेटी की उम्र की लड़की के साथ इस तरह घूमने पर थोड़ी शर्म आनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कोमल के कपड़ों पर भी तंज कसा। सुनीता ने कहा कि बिना फिल्म बने कोई प्रमोशन नहीं होता, यह सब घटिया सोच को दिखाता है।

'बेटी की उम्र की लड़की को लेकर घूम रहा है' सुनीता से गोविंदा के कोमल रॉय के साथ दोबारा नजर आने पर सवाल पूछा, तो उन्होंने कड़े शब्दों में जवाब दिया। सुनीता ने कहा कि फिल्म बनने के बाद ही उसका प्रमोशन किया जाता है, बिना किसी फिल्म के यह सब करने का क्या मतलब है।

इसके बाद उन्होंने आगे कहा कि गोविंदा अपनी बेटी की उम्र की लड़की को लेकर घूम रहे हैं और उन्हें इस बात पर थोड़ी शर्म आनी चाहिए। गोविंदा को एक्ट्रेस कोमल रानी स्वर्णकार के साथ 7 अगस्त को एयरपोर्ट पर एक साथ स्पॉट किया गया था। सुनीता ने मिस मालिनी को दिए इंटरव्यू में गोविंदा के अफेयर रूमर्स पर बात करते हुए कहा था कि जवानी में गलतियां होती हैं, लेकिन 63 की उम्र में ये सब सुनना ठीक नहीं है।



### तुम्हारा शुगर डैडी इतना अमीर है, तो कपड़े ढंग के पहनो

सुनीता आहूजा ने केवल गोविंदा ही नहीं, बल्कि उनके साथ दिख रही कोमल के ड्रेसिंग सेंस पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अगर सामने वाले का शुगर डैडी इतना अमीर है, तो कम से कम कपड़े तो ढंग के पहनने चाहिए। इंसान का अपना एक स्टैंडर्ड होना चाहिए। सुनीता ने खुद का उदाहरण देते हुए कहा कि लोगों को देखना चाहिए कि वे किस तरह स्टाइल के साथ रहते हैं। उन्होंने पूरे वाकये को बहुत खराब और घटिया सोच करार दिया।


### को-एक्ट्रेस के साथ गोविंदा स्पॉट हुए थे


गोविंदा हाल ही में एक्ट्रेस कोमल रानी स्वर्णकार के साथ एयरपोर्ट पर दूसरी बार स्पॉट हुए थे। बता दें कि सुनीता ने कुछ समय पहले ही कहा था कि उन्हें कोमल नाम से नफरत है।

### गोविंदा के साथ बॉलीवुड डेब्यू करने वाली हैं कोमल

गोविंदा 7 साल बाद बॉलीवुड कमबैक कर रहे हैं और अपने प्रोडक्शन की इस फिल्म से कोमल को भी लॉन्च कर रहे हैं। सिर्फ यही नहीं कोमल के गोविंदा की दूसरी फिल्म दुनियादारी में होने की भी खबरें हैं। गोविंदा ने जुलाई में अपकमिंग फिल्म रूपा से जुड़ी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कोमल का मीडिया से परिचय करवाया और तारीफ कर कहा कि फिल्म देखने के बाद दर्शक उन्हें अच्छी एक्ट्रेस मानेंगे। गोविंदा ने हाल ही में सुनीता के उन आरोपों पर जवाब दिया, जिनमें उन्होंने उनके अफेयर्स की बात कही थी। सुनीता के लगाए हुए अफेयर के आरोपों पर अठकसे बातचीत में गोविंदा ने कहा, वह मुझे बहुत प्यार से गाली देती हैं और मैं उनके हाथ से खाता भी हूं। मुझे लगता है कि जो लोग जहां हैं और भगवान ने उन्हें जो भी भूमिका दी है, अगर वो वहां नहीं होते हम कामयाब नहीं हो सकते थे। गोविंदा बोले- दूरी बनाने के लिए आरोप लगाना जरूरी नहीं गोविंदा ने इशारा किया कि उनके बारे में खुलकर बोलने के बाद सुनीता को स्टारडम मिला। उन्होंने कहा, बहुत सी बातें ऐसी होती हैं, जो बयां नहीं की जातीं।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ





## जोक्स

पति-पत्नी चोरी के बारे में बात कर रहे थे...
पति - जो चोरी करता है, वो बाद में बहुत पछताता है।
पत्नी (रोमांटिक अंदाज में) बोली - और तुमने शादी से पहले जो मेरी नींदें चुराई थी, मेरा दिल चुराया था, उनके बारे में क्या ख्याल है...?
पति - कह तो रहा हूं, जो चोरी करता है वो बाद में बहुत पछताता है...!




कभी भी अकेलेपन का अहसास सताए, तो भूत वाली मूवी देखो... कसम से कभी अकेलापन महसूस नहीं होगा, हर वक्त लगेगा कि कोई पीछे खड़ा है...!

पत्नी (पति से) - कहां जा रहे हो...?
पति - मरने जा रहा हूं...!
पत्नी - साथ में थैली लेकर जाना...
पति - वो किसलिए...?
पत्नी - अगर इरादा बदल जाए, तो आते समय कुछ सब्जियां लेते आना...!



## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

### ऊपर से नीचे

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | | 56 | | 2 | | 35 | = | 58 |
| | | | | | | | | |
| 33 | | 12 | | 3 | | 14 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 3 | | 6 | | 10 | = | 10 |
| | | | | | | | | |
| 24 | | 2 | | 12 | | 2 | = | 12 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 32 | | 43 | | 18 | | 22 | = | 46/35 |

**संकेत**
खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क | र्म | मे | रि | दु | ला | रा | ल | क | लं | क |
| बू | खु | क | दू | ई | जी | क | शि | या | इ | नी |
| त | पी | जा | स्ते | र | ज | या | ल | ह | प | ल |
| र | ग | ए | रा | जा | बा | दू | ल | यु | लि | प्रे |
| व | र | रा | जा | जी | क | ला | कि | यो | ग | म |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | ला | शी | ह | गी | श |
| न | अ | ल | रा | व | मा | जो | ई | व | प | ति |
| क | रि | ल | र | क | र | ह | स्या | ल | थि | क |
| र | क | ल | श | रा | व | ज | जी | शा | जू | म |
| र | ग | ल | नो | मा | व | ति | का | री | टि | जो |
| बां | क | र | तू | त | व | ले | स | क | म | र |

शब्दजाल में 'क' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

कबूतर, कमजोर, कलयुग, कलंक, कलश, कलाई, करामात, करतूत कर्म, कमर

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | 2 |
| 6 | 34 | | 33 | | 33 | |
| 5 | | 3 | | 7 | | 4 |
| 1 | 22 | | 35 | | 34 | |
| | | 5 | 6 | 2 | | 3 |
| 3 | 30 | | 37 | 5 | 33 | |
| 2 | | 7 | | | 6 | 1 |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.


### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | x | 2 | - | 75 | + | 10 | = | 35 |
| + | | + | | - | | + | | + |
| 20 | x | 5 | - | 50 | + | 2 | = | 25 |
| + | | + | | + | | + | | + |
| 30 | + | 30 | x | 1 | - | 30 | = | 30 |
| - | | - | | + | | + | | - |
| 50 | - | 25 | + | 5 | x | 2 | = | 60 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 50 | - | 12 | - | 30 | + | 21 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | 33 | 1 | 34 | 6 | 30 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 32 | 1 | 23 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 6 | 36 | 6 | 34 | 4 | 31 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## सूडोकू नवताल

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 1 | 4 | | |
| | 9 | | | | | 5 | 8 | |
| | | | 7 | 9 | | | | |
| | | | 2 | | | | 6 | 7 |
| 4 | | | | | | | | 3 |
| 5 | 8 | | | | 9 | | | |
| | | | | 8 | 5 | | | |
| | 7 | 6 | | | | | 1 | |
| | | 9 | 3 | | | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकू नवताल ..... का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 | 1 |
| 6 | 5 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 6 | 8 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 7 |
| 9 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 1 | 4 | 6 | 9 | 2 | 3 | 5 | 7 | 8 |
| 2 | 9 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 | 4 | 6 |
| 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 |

## पंचायत कांग्रेस के पायलेट का रिव्यू करेंगे राहुल गांधी

**भोपाल।** कांग्रेस अपने जमीनी संगठन को दुरुस्त कर राज्यों के साथ दिल्ली में वापसी की तैयारी में जुटी है। कांग्रेस का कमजोर बूथ मैनेजमेंट और निचले स्तर पर संगठन न होना चुनावों में हार की बड़ी वजह रहा है। अब कांग्रेस ने पंचायत और वार्ड स्तर पर एमपी में अपना संगठन तैयार कर रही है। पंचायत और वार्ड कांग्रेस की टीम का देश में पहला रिव्यू खुद राहुल गांधी करने जा रहे हैं। पंचायत और वार्ड कांग्रेस कमेटी के एक प्रकार से पायलेट प्रोजेक्ट की संभागीय समीक्षा बैठक राहुल गांधी अगले सितंबर के महीने में उज्जैन से करेंगे। तारीख राहुल गांधी की सहमति के बाद घोषित होगी। कांग्रेस के पंचायत कांग्रेस कमेटी के देश के पहले पायलट प्रोजेक्ट की समीक्षा अब पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी करेंगे। इसके लिए अगले सितंबर में उज्जैन संभाग में पहली संभागीय बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में उज्जैन संभाग के छह जिलों की 29 विधानसभा सीटों से जुड़े कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

## खाली हुई अपनी बिल्डिंग को किराए पर देगा नगर निगम

**भोपाल।** बारिश में भोपाल की सड़कें उखड़ गई हैं। तेज बारिश होते ही निचले इलाकों में पानी भर रहा है। कई इलाकों में सफाई व्यवस्था खराब है। ये ऐसे मुद्दे हैं, जिनसे राजधानी का हर व्यक्ति परेशान हैं। बावजूद 19 अगस्त को होने वाली निगम परिषद की मीटिंग में ये एक भी मुद्दे शामिल नहीं है। निगम का सम्मेलन सवाल-जवाब से शुरू होगा और अपनी खाली हुई बिल्डिंग को किराए पर दिए जाने के प्रस्ताव पर खत्म हो जाएगा। जनहित के मुद्दे नहीं होने के चलते निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने कहा कि हर बैठक में शहर सरकार जनहित के मुद्दे नहीं लाती। पिछली बैठक में भी इन पर चर्चा के लिए कहा था, लेकिन विपक्ष की नहीं सुनी गई। वर्तमान में भोपाल की सड़कें जर्जर हो गई है। दो दिन की तेज बारिश से शहर का बड़ा हिस्सा पानी में डूब गया। सफाई व्यवस्था भी सही नहीं है। ये एजेंडे में शामिल नहीं है। नगर निगम के परिषद का यह साल का पहला सम्मेलन होगा, जिसमें एमआईसी के मंजूर एजेंडे पर बात होगी और पार्षद अपने सवाल उठा सकेंगे। इससे पहले 2 सम्मेलन जरूर हुए हैं, लेकिन एक महिला सशक्तिकरण और दूसरा कचरे के नए नियमों को लेकर था। इसमें पार्षद सवाल-जवाब नहीं कर सके थे।

## जबलपुर के बार में चाकू मारकर महिला की हत्या, युवक ने किया हमला

**जबलपुर।** जबलपुर में शुक्रवार रात एक महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। घटना रात 8 बजे गोहलपुर थाना के ट्रांसपोर्ट नगर की है। यहां स्थित महफिल रेस्टारेंट और बार में काम करने वाली 20 साल की मुस्कान चौधरी बार में सर्विस प्रोवाइडर के तौर पर काम करती थी। यहीं पर पवन बर्मन नाम का शख्स भी जॉब करता था। किसी बात को लेकर दोनों का विवाद हो गया। इसी दौरान आरोपी पवन ने मुस्कान पर चाकू से हमला कर दिया। जब तक आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, तब तक आरोपी वहां से फरार हो चुका था। इस दौरान बार और रेस्टारेंट में मौजूद ग्राहकों की भीड़ मौके से तेजी से चली गई। गोहलपुर पुलिस की शुरूआती जांच में पता चला कि वारदात की वजह प्रेम प्रसंग बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस ने मृतिका के परिजनों को सूचना देने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। परिजन का कहना है कि हमारी बच्ची सुबह 10 बजे काम से निकली थी। शाम को हमें खबर मिली की ऐसा घटनाक्रम हो गया है। हम वहां नहीं गए, सीधे मेडिकल कॉलेज आए हैं।

## महिला पर धारदार हथियार से हमलाःबीच-बचाव करने आए दो लोगों को भी पीटा

**मऊगंज।** मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र के कोट गांव में आपसी कहासुनी मारपीट में बदल गई। इस विवाद के दौरान पांच आरोपियों ने एक महिला पर धारदार कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। बीच-बचाव करने पहुंचे दो अन्य लोगों के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की, जिसमें एक व्यक्ति का पैर फ्रैक्चर हो गया। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को कोट गांव निवासी अनीता तिवारी पर आरोपियों ने धारदार हथियार टांगी से हमला किया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट लगी। महिला को बचाने के लिए यज्ञ नारायण तिवारी और सुशील तिवारी मौके पर पहुंचे। आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी, जिसमें यज्ञ नारायण तिवारी के पैर में गंभीर चोट आई और उनका पैर फ्रैक्चर हो गया।

## मनावर में निकली अखंड भारत संकल्प मशाल यात्रा

**मनावर।** धार जिले के मनावर में शुक्रवार रात विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने अखंड भारत संकल्प दिवस पर मशाल यात्रा निकाली। इस यात्रा का उद्देश्य अखंड भारत की एकता और अखंडता का संदेश देना था, जिसमें सैकड़ों कार्यकताओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र 'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय' के नारों से गूंज उठा। कार्यकर्ता हाथों में जलती मशालें लिए राष्ट्र की एकता का संदेश देते हुए आगे बढ़े। यह मशाल यात्रा खलघाट मार्ग स्थित श्रीराम मंदिर मान नदी किनारे से शुरू हुई। यह वाल्मीकि मोहल्ला, लोहार पट्टी, मालवी चौपाटी, कांति चौपाटी, मैन मार्केट और गांधी चौराहा से होते हुए गायत्री मंदिर पटेल कॉलोनी में समाप्त हुई।

# रहवासी क्षेत्र में कारोबार...भोपाल में 4857 को नोटिस

### एक दिन में 1478 दिए; नरेला-हुजूर विधानसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा, अवैध निर्माण गिराया



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में आवासीय भवनों के कमर्शियल उपयोग पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद नगर निगम ने सर्वे शुरू कर दिया है। इसके साथ ही कारोबारियों को नोटिस भी दिए जा रहे हैं। दो दिन में ही 3776 नोटिस जारी हो चुके हैं, जबकि अब तक निगम कुल 4857 नोटिस दे चुका है। नोटिस के बीच शुक्रवार को अवैध निर्माण भी तोड़ा गया।

निगम के मुताबिक, 62 हजार से ज्यादा ऐसी प्रॉपर्टी लिस्टेड की गई है, जो रहवासी इलाके में हैं और कारोबार हो रहा है। 5 अगस्त से पहले तक 1018 रहवासियों को नोटिस दिए थे। सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी के बाद निगम ने सर्वे का दायरा बढ़ाया और पूरे शहर में सर्वे शुरू किया।

### यहां सबसे ज्यादा नोटिस

5 अगस्त के बाद नरेला विधानसभा में 746 नोटिस दिए जा चुके हैं। वहीं, गोविंदपुरा में 361, हुजूर में 452, दक्षिण-पश्चिम में 190, मध्य में 395 और उत्तर विधानसभा में 154 नोटिस दिए जा चुके हैं। शुक्रवार को भी कार्रवाई जारी रही।

**दूसरे उल्लंघनों की जांच भी-** नए सर्वे में भवन से जुड़े दूसरे उल्लंघनों की भी जांच की जा रही है। अर्बन प्लानिंग के विशेषज्ञों के मुताबिक यदि समय पर मास्टर प्लान आता तो रहवासियों और कारोबारियों के सामने यह स्थिति नहीं खड़ी होती। रहवासी और व्यावसायिक इलाके अलग-अलग चिह्नित बनाए जाते। सख्ती के बाद शहर के उन इलाकों के कारोबारियों में दहशत है, जो रहवासी इमारतों में दुकानें चला रहे हैं। अवधपुरी, अयोध्या बायपास, गौतम नगर, अशोका गार्डन, लालघाटी समेत जैसे इलाकों में दुकानदार नोटिस के बाद कमर्शियल इलाकों में दुकानें तलाश रहे हैं।

# ट्रॉली-बैग की सीक्रेट कैविटी में छिपाई 7 करोड़ की ड्रग


### भोपाल रेलवे स्टेशन में पकड़ाया 8.6 किलोग्राम मेथामफेटामाइन-कोकीन, लेडी तस्कर समेत 4 विदेशी अरेस्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

राजस्व खुफिया निदेशालय ने भोपाल और ग्रेटर नोएडा में 8.6 किलो ड्रग्स जब्त की है। लेडी तस्कर समेत 5 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें 4 नाइजीरियाई नागरिक शामिल हैं। जब्त ड्रग्स की अंतरराष्ट्रीय अवैध बाजार में कीमत करीब 7.1 करोड़ रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में 6.325 किलो मेथामफेटामाइन, 50 ग्राम कोकीन और 25 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

सूचना मिली थी कि एक महिला तस्कर नई दिल्ली से ट्रेन के जरिए बेंगलुरु जा रही है और सामान में ड्रग्स छिपाकर ले जा रही है। सूचना के आधार पर अधिकारियों ने 11 अगस्त को भोपाल जंक्शन रेलवे स्टेशन पर निगरानी शुरू की।

संदिग्ध महिला की पहचान के बाद उसे रोककर सामान की तलाशी ली गई। महिला के काले रंग के ट्रॉली बैग में शातिर तरीके से बनाई गई गुप्त कैविटी से ड्रग्स बरामद हुई। अधिकारियों ने महिला के काले रंग के ट्रॉली बैग की तलाशी ली। बैग में ऐसी गुप्त कैविटी बनाई गई थी, जिसमें सामान्य तलाशी के दौरान छिपा सामान आसानी से नजर नहीं आता। कैविटी में छह प्लास्टिक पैकेट रखे थे। सभी पैकेटों को भूरे रंग की टेप से अच्छी तरह लपेटा गया था। अधिकारियों ने मौके पर ठउद्धर फील्ड टेस्टिंग किट से पदार्थ की जांच की। जांच में यह मेथामफेटामाइन पाया गया। सभी छह पैकेटों को तौलने पर कुल 6.325 किलो क्रिस्टलीय मेथामफेटामाइन मिला। DRI ने ड्रग्स जब्त कर महिला को NDPS एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार कर लिया।



### 2.242 किलो मेथामफेटामाइन, कोकीन और गांजा मिला

ग्रेटर नोएडा में आरोपियों के कब्जे और ठिकाने की तलाशी के दौरान अलग-अलग नशीले पदार्थ बरामद किए गए। टीम को कुल 2.242 किलो क्रिस्टलीय मेथामफेटामाइन, 50 ग्राम कोकीन और 25 ग्राम गांजा मिला। इस कार्रवाई में चार नाइजीरियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। DRI के अनुसार, इस कार्रवाई से विदेश से संचालित ऐसे ड्रग सिंडिकेट का खुलासा हुआ है, जो भारतीय नागरिकों को कैरियर के तौर पर इस्तेमाल कर देश में नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहा था। भारतीय नागरिकों के जरिए ड्रग्स की खेप एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाई जा रही थी। भोपाल में महिला से बरामदगी और उसके बाद ग्रेटर नोएडा में की गई कार्रवाई से नेटवर्क की कड़ियां सामने आई हैं। ऊक्रका कहना है कि इस ऑपरेशन से विदेशी सिंडिकेट की ड्रग तस्करी गतिविधियों को बड़ा झटका लगा है।

### DRI और CBN ने ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क को पकड़ा

महिला से पूछताछ के दौरान ऊक्र को ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क से जुड़े लोगों की जानकारी मिली। इसके बाद जांच आगे बढ़ाते हुए ग्रेटर नोएडा में कार्रवाई की गई। महिला से पूछताछ के आधार पर ऊक्र और उइठ की टीम ने ग्रेटर नोएडा में सप्लायरों को पकड़ने के लिए कार्रवाई की। टीम ने आरोपियों के ठिकाने पर दबिश दी। अधिकारियों को देखकर वहां मौजूद नाइजीरियाई नागरिकों ने भागने की कोशिश की। उन्होंने खिड़की से कूदकर फरार होने का प्रयास किया।



# मांडू में 3 दिन 'नो रूम महेश्वर में 60000 तक किराया

### एमपी में टूरिस्ट स्पॉट फुल;

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में मानसून अपने शबाब पर है। बारिश ने जहां झरनों, पहाड़ियों और ऐतिहासिक इमारतों की खूबसूरती बढ़ा दी है, वहीं पर्यटन और धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों-श्रद्धालुओं की भीड़ भी बढ़ गई है। पचमढ़ी से मांडू और महेश्वर तक वीक-एंड पर होटल फुल हो रहे हैं। उज्जैन में सावन सोमवार और नागपंचमी के चलते 5 से 6 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है।

कई जगह होटल के कमरे पहले से बुक हैं, जहां कमरे मिल रहे हैं, वहां वीक-एंड के कारण किराया बढ़ गया है। मांडू में कमरा 10 हजार रुपए तक पहुंच गया है, जबकि महेश्वर में लग्जरी रॉयल रूम का किराया 60 हजार रुपए तक है। बारिश में मांडू की खूबसूरती बढ़ जाती है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं।

### मांडूः अगले 3 दिन नो रूम, किराया 10 हजार तक

बारिश में मांडू की खूबसूरती बढ़ जाती है। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। वीक-एंड पर यहां नो रूम की स्थिति बन रही है। 14 से 16 अगस्त तक सभी होटल बुक हैं। मांडू में 2 सरकारी, 20 प्राइवेट होटल और 2 धर्मशालाएं हैं। इनमें करीब 800 कमरे हैं। होटल में कमरे का किराया 500 से 10 हजार रुपए तक है, जबकि धर्मशालाओं में करीब 2 हजार रुपए तक में कमरा मिल जाता है।



### मांडू में 61 संरक्षित स्मारक हैं

मांडू में 61 संरक्षित स्मारक हैं। इनमें जहाज महल, रानी रूपमती महल, बाज बहादुर महल, अशरफी महल, होशंग शाह का मकबरा, ईको पॉइंट और चतुर्भुज राम मंदिर प्रमुख हैं।

### उज्जैनः सोमवार को 5-6 लाख श्रद्धालु आने का अनुमान

बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन में शनिवार और रविवार को 3 से 4 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। सावन सोमवार और नागपंचमी एक साथ पड़ने के कारण यहां श्रद्धालुओं की संख्या 5 से 6 लाख तक पहुंच सकती है। इसके चलते अधिकांश होटल पहले से बुक हैं। जो कमरे खाली बचे हैं, उनके लिए सामान्य दिनों से ज्यादा किराया लिया जा रहा है। 1500 रुपए वाला कमरा वीक-एंड में करीब 2000 रुपए में मिल रहा है। महाकाल लोक के आसपास छोटे होटलों के किराए में करीब दोगुना तक बढ़ोतरी हुई है, जबकि बड़े होटलों ने 15 से 35 प्रतिशत तक रेट बढ़ाए हैं। महाकाल चौराहे से बेगमबाग तक कई छोटी गलियों में भी होटल और गेस्ट हाउस चल रहे हैं। जयसिंहपुरा में कई मकानों को होम स्टे या होटल में बदल दिया गया है। नर्मदा किनारे बसे महेश्वर में 120 से ज्यादा होटल, होम स्टे, रिजॉर्ट, धर्मशाला और पर्यटन निगम के ठहरने के विकल्प हैं। यहां कमरे का शुरूआती किराया करीब 1200 रुपए है, जबकि हेरिटेज और लग्जरी होटल में रॉयल रूम की कीमत 60 हजार रुपए तक पहुंचती है। वीक-एंड पर हजारों पर्यटक पहुंचते हैं, लेकिन ठहरने के पर्याप्त विकल्प होने के कारण सामान्य तौर पर कमरों की कमी नहीं होती। एडवांस बुकिंग से परेशानी से बचा जा सकता है।

# बुरहानपुर में 2 देसी पिस्टल जब्त, नाबालिग भी शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

बुरहानपुर जिले की खकनार थाना पुलिस ने दो देसी पिस्टलें जब्त की हैं। इस कार्रवाई में एक नाबालिग सहित दो आरोपियों को पकड़ा गया है। यह घटना तीन दिन पहले एक आरोपी से 13 पिस्टल और 45 जिंदा कारतूस बरामद होने के बाद हुई है, जिससे जिले में अवैध हथियार तस्करी जारी रहने का संकेत मिलता है।

खकनार थाना प्रभारी अभिषेक जाधव ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम तुकईथड़ के पास दो व्यक्ति अवैध हथियार लेकर बैठे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश दी। मौके से एक विधि विरूद्ध बालक को पकड़ा गया, जिसके कब्जे से लगभग 50 हजार रुपये मूल्य की दो हाथ से बनी देसी पिस्टलें और एक बाइक बरामद की गईं। घेराबंदी के दौरान, बालक का साथी अकबार सिंह पिता दादर सिंह बरनाला सिकलीगर निवासी पाचौरी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।



### ट्रक ने बाइक को टक्कर मारी, बालाघाट में तीन युवक घायल

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के भरवेली थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में तीन युवक घायल हो गए। हीरापुर गांव के पास रात करीब 8 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। यह हादसा तब हुआ जब बैहर की ओर से बालाघाट आ रहे एक ट्रक ने युवकों की बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। घायल युवकों की पहचान ग्राम जोधीटोला जरेरा निवासी दिनेश मर्सकोले, विजय कुसराम और सोनू मोहते के रूप में हुई है।

# हल्द्वानी शुद्धिकरण कांड के विरोध में कांग्रेस का पैदल मार्च

### खरगे की सभा के बाद छिड़का था गंगाजल, जीतू पटवारी समेत कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

हल्द्वानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जनसभा के बाद कार्यक्रम स्थल के कथित शुद्धिकरण के विरोध में कांग्रेस का सत्याग्रह पैदल मार्च भोपाल में किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता पीसीसी से बोर्ड ऑफिस स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा तक गए थे।

कांग्रेस का आरोप है कि खरगे की जनसभा के बाद भाजपा समर्थित संगठन से जुड़े लोगों ने रामलीला मैदान में हवन कर गंगाजल का छिड़काव किया। पार्टी इसे खरगे के सम्मान और सामाजिक गरिमा से जोड़ते हुए विरोध कर रही है। भोपाल में निकाले गए मार्च में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के साथ वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि, पूर्व जनप्रतिनिधि, प्रदेश और जिला पदाधिकारी तथा विभिन्न मोर्चों, विभागों और प्रकोष्ठों के पदाधिकारी शामिल हुए। बोर्ड ऑफिस चौराहे पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के सामने जीतू पटवारी ने संविधान की छोटी बुक लेकर कहा आज एक बार फिर उजागर हुआ है कि भारतीय जनता पार्टी नफरत फैलाने वाली पार्टी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की जो सो बटवारा करके सत्ता पाने की कोशिश करने वाली है। मल्लिकार्जुन खड़गे का जो अपमान हुआ वह एक व्यक्ति या कांग्रेस के अध्यक्ष का अपमान नहीं है। यह संविधान के मूल अस्तित्व पर प्रहार है यह अनुसूचित जाति जनजाति के भाइयों पर अपराध करने वाले लोग पेशाब करने वाले लोग हैं।




# मध्यप्रदेश में तिरंगा यात्रा, भोपाल में 32 किमी लंबा मार्च निकला

### धीरेंद्र शास्त्री बोले- देशद्रोहियों को भगाना है; देवास में मधुमक्खियों का हमला,12 घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में शुक्रवार को भी कई शहरों में तिरंगा यात्रा निकाली गई। राजधानी भोपाल में कोलार से संत नगर तक 32 किमी लंबी यात्रा निकली, जिसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए। यात्रा में बड़ी संख्या में लोग तिरंगा लेकर शामिल हुए। आयोजकों ने करीब एक लाख लोगों की मौजूदगी का दावा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत अब इतना मजबूत हो चुका है कि जरूरत पड़ने पर दुश्मन के इलाके में जाकर कार्रवाई कर सकता है। उन्होंने विभाजन के दर्द का जिक्र करते हुए पाकिस्तान पर निशाना साधा और कहा कि भारत लगातार अपनी ताकत बढ़ा रहा है। सीएम ने यह भी कहा कि 2027 को युवा वर्ष के रूप में मनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। तिरंगा यात्रा कोलार सिक्स लेन स्थित मदर टेरेसा स्कूल के सामने से शुरू होकर माता मंदिर, रोशनपुरा और वीआईपी रोड होते हुए संत नगर पहुंची। मार्ग में 1100 से अधिक स्वागत मंच बनाए गए थे। रोशनपुरा चौराहे पर क्रेन से फूल बरसाए गए और महिलाओं ने तिरंगा लहराकर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान लगाए गए सेल्फी पॉइंट पर नशा मुक्त युवा का संदेश दिया गया। विधायक रामेश्वर शर्मा ने युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की।

मुख्यमंत्री ने भोपाल के शौर्य स्मारक में भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम और भारत के इतिहास से जुड़ी डिजिटल सामग्री का अवलोकन भी किया। भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा ने विदेशी फंडिंग का हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की। कार्यक्रम में विभाजन पीड़ितों का सम्मान भी किया गया।



### देवास में मधुमक्खियों का हमला, 12 घायल

देवास के विजयागंज मंडी क्षेत्र में तिरंगा यात्रा के दौरान डीजे वाहन पेड़ से टकरा गया। पेड़ पर बने मधुमक्खियों के छत्ते के टूटने से झुंड ने लोगों पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। करीब 12 लोग घायल हुए, जिनमें चार को जिला अस्पताल भेजा गया। बागेश्वर धाम में धीरेंद्र शास्त्री की तिरंगा यात्रा छतरपुर के बागेश्वर धाम में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। उन्होंने कहा कि देशद्रोहियों को देश से दूर करना होगा और राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शनिवासरः 15 अगस्त, 2026

## सुभाषितानि

**जीवन्तं मृतवन्मन्ये देहिनं धर्मवर्जितम्।**
**मृतो धर्मेण संयुक्तो दीर्घजीवी न संशयः।।**

**भावार्थ** : मैं धर्महीन आदमी को जिंदा होते हुए भी मरा हुआ मानता हूं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि एक धर्मी व्यक्ति मृत्यु के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहता है।

**उत्थायोत्थाय बोद्धव्यं किमद्य सुकृतं कृतम्।**
**आयुषः खण्डमादाय रविरस्तं गमिष्यति।।**

**भावार्थ** : रोज जागना चाहिए कि आज क्या किया क्योंकि सूरज (रोजाना) जीवन के एक छोटे से टुकड़े के साथ अस्त होता है।

## सम्पादकीयम्

### स्वस्य उत्तरदायित्वं

त्वं तादृशः बोरः असि-सदैव नारीवादस्य ध्वजं हस्ते गृहीत्वा दर्शयसि। एषः एव क्षणः यदा समाजः स्वस्य उत्तरदायित्वं त्यजति। कार्यालयेषु अपि एतत् एव परिदृश्यं पुनः पुनः क्रीडति। केचन जनाः तादृशं हास्यं श्रुत्वा मौनं कुर्वन्ति, केचन स्मितं कुर्वन्ति, केचन केवलं बधिरकर्णं कुर्वन्ति। तथापि एतत् मौनं प्रभावीरूपेण मौनअनुमोदनं भवति। शनैः शनैः एतादृशानां पुरुषाणां विश्वासः वर्धते, एकस्मिन् दिने, एकदा गलियारेषु कुहूकुहू कृताः एव वस्तूनि मञ्चे 'सामग्री' इति वितरन्ति। विशाल वेतन, क्षुद्र मानसिकता हास्यकलाकारः प्रनीथः एतत् शिखरं गुड़गांवसामग्री इति खण्डयित्वा अग्रे गच्छति, परन्तु प्रश्नः अस्ति यत् किं वास्तवमेव गुड़गांवसदृशस्य नगरस्य 'शिखरम्' अत्रैव अवतरितम्-यत्र वेतनपैकेज् कोटिषु धावति, तथापि मानसिकता केवलं ३७० रुप्यकेषु एव सीमितम् अस्ति? एतस्य सर्वस्य मध्ये एकः राहतस्य भावः आसीत् यत् निगमकम्पनी युवकं निष्कासितवती, तथा च निगमक्षेत्रेण न्यूनातिन्यूनं गृहीतं यत् कार्यालयस्य भित्तिभ्यः बहिः कस्यचित् व्यक्तिस्य व्यवहारः अपि तेषां परिचयस्य भागः अस्ति इति। परन्तु सामाजिकमाध्यमाः अद्यापि विग्रहयुक्ताः सन्ति, यतः तत्रत्यानां बहूनां जनाः एतां घटनां सामान्यरूपेण पश्यन्ति। सांख्यिकीयं कटुसत्यं प्रकाशयति राष्ट्रियपरिवारस्वास्थ्यसर्वक्षणस्य प्रतिवेदने सूचितं यत्।

## निज-विश्वविद्यालयेषु अथवा गणित-विश्वविद्यालयेषु आसनेषु प्रवेशं प्राप्ताः छात्राः

# स्वयमेव स्वस्य चिकित्सा-शिक्षणस्य व्ययम् वहन्ति, येन ते सर्वकारीय-आसनेषु अध्ययनं

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

निज-विश्वविद्यालयेषु अथवा गणित-विश्वविद्यालयेषु निजी-आसनेषु प्रवेशं प्राप्ताः छात्राः स्वयमेव स्वस्य चिकित्सा-शिक्षणस्य व्ययम् वहन्ति, येन ते सर्वकारीय-आसनेषु अध्ययनं कुर्वतां छात्राणां अपेक्षया भिन्न-स्थाने स्थापयन्ति अतः तेषां समाना अनिवार्यग्रामीणसेवाशर्ताः करणं संविधानस्य अनुच्छेदस्य १४ अन्तर्गतं गारण्टीकृतसमानतायाः अधिकारेण सह असङ्गतम् अस्ति।

याचिकाकर्तानां तर्कः अपि आसीत् यत् निजीपीठेषु अध्ययनं कुर्वतां छात्राणां विशिष्टं तर्कसंगतं च वर्गं भवितव्यम् इति। तेषां मतं यत् यदा कश्चन छात्रः स्वस्य चिकित्साशिक्षायाः कृते अत्यधिकं शुल्कं ददाति तदा सर्वकारीयपीठद्वारा शिक्षां प्राप्तस्य छात्रस्य कृते प्रयोज्यम् एव अनिवार्यसेवाशर्तं आरोपयितुं अन्यायः भवति।

अस्मिन् विषये सर्वोच्चन्यायालयस्य पूर्वनिर्णयः अपि उद्धृतः। एसोसिएशन आफ मेडिकल सुपर स्पेशलिटी आकांक्षिणः एण्ड् रेसिडेंट्स् एण्ड् अदर्स् बनाम यूनियन आफ इण्डिया एण्ड् अदर्स् इत्यस्य प्रकरणे न्यायालयेन स्नातकोत्तरचिकित्सा तथा सुपर स्पेशलिटी पाठ्यक्रमेषु प्रवेशार्थं अनिवार्यबन्धनव्यवस्थां चुनौतीं दत्तवती याचिका खारिजवती आसीत्। परन्तु तस्मिन् निर्णये न्यायालयेन अपि अवलोकितं यत् कतिपयेषु राज्येषु अनिवार्यबन्धनशर्ताः अत्यन्तं कठोराः सन्ति।



अस्मिन् सन्दर्भे केन्द्रसर्वकारेण भारतस्य चिकित्सापरिषदः च सर्वकारीयसंस्थासु प्रशिक्षितानां वैद्यानां कृते अनिवार्यसेवाविषये एकरूपनीतिं निमार्तुं पदानि ग्रहीतव्यानि इति सुझावः दत्तः। हस्ते विद्यमानस्य प्रकरणस्य सुनवायीकाले सर्वोच्चन्यायालयेन एतादृशस्य व्यापकस्य उपक्रमस्य आवश्यकतायाः विषये अपि बलं दत्तम्। कार्यवाहीयां न्यायाधीशः नरसिंहः चिकित्साशिक्षायाः कृते राज्यैः प्रदत्तानां अनुदानस्य महत्त्वं प्रकाशितवान्। सः अवदत् यत् चिकित्साशिक्षा विभिन्नस्तरयोः राज्यसमर्थनस्य संसाधनानाञ्च उपरि अवलम्बते; ननु चिकित्साशिक्षा कदापि राज्यस्य अनुदानविहीनं न भवति। अपि च, चिकित्साप्रौद्योगिकी, चिकित्साविज्ञानं च महत्त्वपूर्णसंसाधनं भवति, राज्यस्य अधिकारः भवितुमर्हति यत् एतेषां संसाधनानाम् उपयोगः व्यापकजनहिताय कथं भवति इति।

न्यायालयस्य अवलोकनस्य व्यापकः अभिप्रायः अस्ति यत् चिकित्साशिक्षां प्राप्यमाणाः वैद्याः समाजस्य राज्यस्य च प्रति स्वदायित्वनिर्वहणार्थं सज्जाः भवेयुः।

विशेषतः ग्रामीणेषु दूरस्थेषु च क्षेत्रेषु वैद्यानां उपलब्धता चिरकालात् महत्त्वपूर्णः विषयः अस्ति। अस्याः पृष्ठभूमितः न्यायालयेन अनिवार्यग्रामीणसेवासम्बद्धे एकरूपे राष्ट्रियनीतेः आवश्यकतायाः विषये विचारः करणीयः इति सुझावः दत्तः, न तु विषमराज्यस्तरीयव्यवस्थासु अवलम्ब्य।

याचिकाकर्ताभिः मुख्यतया स्वास्थ्य-परिवार-कल्याण-सेवा-आयुक्ताय आवश्यकं आपत्ति-रहित-प्रमाणपत्रं निर्गन्तुं निदेशं याचितम्, येन ते अनिवार्यग्रामीणसेवा-उपक्रमस्य शर्तं न पूरयित्वा अग्रे गन्तुं शक्नुवन्ति। तदतिरिक्तं ते कर्नाटकचिकित्सापरिषदं प्रति निदेशं याचन्ते यत् ते स्थायीपञ्जीकरणार्थं स्वआवेदनं स्वीकुर्वन्तु। परन्तु सर्वोच्चन्यायालयेन अस्मिन् स्तरे याचिकाकर्तानां माङ्गल्याः विषये अन्तिमः आदेशः न दत्तः।

## गम्भीरस्य प्रतिक्रियायाः

# निम्नक्रमस्य बल्लेबाजस्य अपि स्थितिः आग्रहं करोति

ब्रह्मास्त्र ›› कोलम्बो

ब्रारस्य क्रमशः बृहत् शॉट्-प्रभावः भारतीय-डगआउट्-मध्ये अपि स्पष्टः आसीत् मुख्यप्रशिक्षकः गौतमगम्भीरः हसन् बल्लेबाजीं ताडयन् दृष्टः। गम्भीरस्य प्रतिक्रियायाः, ब्रारस्य बल्लेबाजीयाः च विडियो अपि सामाजिकमाध्यमेषु चचार्याः विषयाः अभवन्। ब्रारस्य एषा पारी दर्शितवती यत् निम्नक्रमस्य बल्लेबाजस्य अपि स्थितिः आग्रहं करोति चेत् शीघ्रं धावनं कर्तुं क्षमता अस्ति।

परन्तु भारतस्य कृते दिवसस्य मुख्यविषयः देवदत्तपडिक्कलस्य भव्यपारी आसीत्। पडिक्कल् अपराजित १४२ रनस्य स्कोरं कृत्वा भारतीयपारीयां ठोसताम् अयच्छत्। तस्य प्रदर्शनेन आगामिनि टेस्ट्-क्रीडायां चयनार्थं तस्य प्रकरणं सुदृढं जातम्। साईसुधरसनः चोटकारणात् टेस्ट्-श्रृङ्खलातः बहिः अभवत्, तस्मात् तृतीय-नम्बर-स्थानस्य दौडः तीव्रताम् अवाप्तवान्, पाडिक्कलस्य पारी च तस्य पक्षे निर्णायकं प्रदर्शनं दृश्यते द्वितीयदिने भारतेन ९० ओवरेषु ३५७ रनाः प्राप्ताः। पडिक्कल् १४२ रनस्य स्कोरेन अपराजितः अभवत्। रविन्द्र जडेजा अपि उपयोगी नॉकं कृतवान्, सः ६३ रनस्य स्कोरं कृत्वा बहिः निवृत्तः अभवत्। तदतिरिक्तं मानवसुथरः ४१ रनस्य बहुमूल्यं पारीं कृतवान्। एतेषां योगदानानां कारणात् भारतं प्रारम्भिकविघ्नात् पुनः प्राप्तुं श्रीलङ्काक्रिकेट् एकादशेन स्थापितं सशक्तं कुलम् अङ्गीकुर्वितुं च साहाय्यं कृतवान्। भारतीयपारी तु अपेक्षितप्रारम्भं न अवतरत्। दलस्य प्रारम्भिकानि कतिचन विकेट् हारितानि, परन्तु पडिक्कल् जहाजं स्थिरं कृत्वा निरन्तरं गोलं कृतवान्। सः स्वस्य शतकं पूर्णं कर्तुं धैर्यस्य आक्रामकतायाः च सन्तुलनं कृतवान्। तस्य अपराजितः १४२ रनस्य प्रदर्शनं तस्मिन् दिने भारतस्य कृते उत्कृष्टं प्रदर्शनम् आसीत्।

## व्यक्तिगतरूपेण उपस्थितस्य अपेक्षया वीडियो-सम्मेलनस्य

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

प्रतिनिधित्वेन वरिष्ठा अधिवक्ता गोपालसंकरनारायणन् न्यायालयं सूचितवान् यत् एफआईआर फेसबुक-पोस्ट्-तः उद्धृतः अस्ति तथा च तस्य ग्राहकः अन्वेषणे सहकार्यं कर्तुं इच्छति परन्तु व्यक्तिगतरूपेण उपस्थितस्य अपेक्षया वीडियो-सम्मेलनस्य माध्यमेन भागं ग्रहीतुं अनुमतिं याचितवान्। सुनवायीकाले सर्वोच्चन्यायालयेन प्रथमं प्रश्नः कृतः यत् यदा अन्वेषणपदाधिकारिणा सा व्यक्तिगतरूपेण उपस्थितः भवितुम् निर्देशः दत्तः तदा मोइत्रा स्वयमेव गत्वा अन्वेषणे किमर्थं सम्मिलितुं न शक्नोति इति।

## राशिफल

**मेष** : आपकी वित्तीय स्थिति में सुधार होगा। अपने पार्टनर के साथ कुछ समय बिताना बेहतर होगा।

**वृषभ** : धैर्य रखने की कोशिश करें। छोटी बचत से शुरुआत करें और देखें कि आपका प्रदर्शन कैसा रहता है।

**मिथुन** : जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल हो सकती हैं। आज आप महत्वपूर्ण अवसर न चूकें।

**कर्क** : स्थिति में सुधार के लिए आपको कुछ वित्तीय विचारों के साथ प्रयोग करने की आवश्यकता है।

**सिंह** : अपने पार्टनर को बेहतर तरीके से जानने पर काम करें। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कन्या** : आप किसी रिस्की इनवेस्टमेंट की ओर बढ़ सकते हैं, जो आपकी वित्तीय स्थिति को असंतुलित कर सकता है।

**तुला** : प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच सकता है। अगर आप शादी के बारे में सोच रहे हैं तो इसे फिलहाल टाल देना ही बेहतर है।

**वृश्चिक** : दिन हलचल भरा हो सकता है। लव लाइफ में कुछ गलतफहमियों का सामना भी करना पड़ सकता है।

**धनु** : आपको अपनी आर्थिक स्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता है। पैसों के मामलों में लापरवाही न करें।

**मकर** : आध्यात्मिक बनने का प्रयास करें। लोगों से मदद और समर्थन मिलेगा नए अवसरों को हाथ से जाने न दें।

**कुंभ** : सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिलेंगे। आप दोनों के बीच विश्वास और अंडरस्टैंडिंग होनी चाहिए।


**मीन** : अगर आप अपने रिश्ते को लेकर बहुत गंभीर हैं तो शादी के बारे में सोचने का यह समय शुभ है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 20 अगस्त को शनि करेंगे बड़ा परिवर्तन, अक्टूबर तक इन 3 राशि वालों को देंगे विशेष लाभ

शनि नक्षत्र परिवर्तन कुछ राशि वालों के लिए लाभकारी रहेगा। उनका शुभ प्रभाव जातकों पर अक्तूबर माह तक बना रहेगा। इस समय तरक्की के योग भी संभव हैं।

अगस्त में शनि का महत्वपूर्ण गोचर होने जा रहा है, जो बेहद प्रभावशाली रहेगा। शनि इस समय मीन में विराजमान हैं और यहां रहते हुए जहां वह अन्य ग्रहों से युति बना रहे हैं, वहीं शनि अब नक्षत्र परिवर्तन भी करेंगे। बता दें, 20 अगस्त 2026 को कर्म फलदाता शनि रेवती नक्षत्र में गोचर करने जा रहे हैं। मान्यता है कि, रेवती नक्षत्र के स्वामी बुध ग्रह हैं और उन्हें ग्रहों के राजकुमार कहा जाता है। वह वाणी, व्यापार, सफलता और संवाद के ग्रह भी हैं। उनका शुभ असर जातकों के मान-सम्मान में वृद्धि और मनचाही सफलता के योग बनाता है। ऐसे में शनि का उनके नक्षत्र में जाना कुछ राशि वालों के लिए कल्याणकारी रहेगा। जातकों को मुनाफा, यात्रा और खुशखबरी की प्राप्ति संभव है। साथ ही लंबे समय से अटके कुछ कामों में भी गति देखने को मिल सकती है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।



**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों के लिए समय भाग्य को चमकाने वाला रहेगा। आपको बड़ा लाभ हो सकता है और लगातार मेहनत से बेहतर परिणाम मिलने की संभावना मानी जा रही है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग ला सकती है और करियर से जुड़े नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में भी स्थिति बेहतर रहने की संभावना है। करियर से जुड़ी कोई अच्छी खबर मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। कारोबारी मामले में लंबे समय से इंतजार के बाद आगे बढ़ने के संकेत मिल सकते हैं।

**मकर राशि–** मकर राशि वालों के सभी अटके काम मनचाहे तरीकों से पूरे हो सकते हैं। नौकरी में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर मिल सकता है। घर-परिवार में आपकी किसी उपलब्धि से खुशी का माहौल बन सकता है। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और प्रयासों की सराहना हो सकती है। प्रेम संबंधों में गलतफहमियां दूर करने का अवसर मिलेगा और रिश्तों में पहले से अधिक मधुरता आ सकती है। इस दौरान आपको किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिलने की संभावना है।

**मीन राशि–** मीन राशि वालों को सफलता मिलेगी और कोई अच्छी खबर भी मिल सकती है। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी और मान-सम्मान में भी वृद्धि होने के संकेत हैं। प्रेम संबंधों में भी सकारात्मक बदलाव आ सकता है। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और बिजनेस में लाभ होने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति मजबूत हो सकती है और मेहनत के अनुसार बेहतर परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलने से कई महत्वपूर्ण काम पूरे होने की संभावना रहेगी।

## वेल्स के खिलाफ कभी नहीं हारा, 220 गोल कर चुके कप्तान हरमनप्रीत पर नजरें

# हॉकी वर्ल्ड कप में भारत का पहला मुकाबला आज

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आज से हॉकी वर्ल्ड कप 2026 की शुरूआत हो रही है। पुरुषों क पहला ही मैच भारत और वेल्स के बीच खेला जाएगा। मैच शाम 4:30 बजे से शुरू होगा।

भारतीय टीम वेल्स के खिलाफ अब तक कोई मुकाबला नहीं हारी है। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह 220 इंटरनेशनल गोल कर चुके हैं।

इस मैच से पहले वर्ल्ड कप में महिला टीम के 2 मुकाबले होंगे। पहला मैच ऑस्ट्रेलिया और जापान, दूसरा मुकाबला जर्मनी और स्कॉटलैंड के बीच खेला जाएगा।

**वेल्स कभी भारत को हरा नहीं पाया–** भारत और वेल्स के बीच अब तक 4 मुकाबले खेले गए हैं। भारत को हर बार जीत मिली। टीम ने 2014 में 3-1 और 2018 में 4-3 से जीत दर्ज की थी। फिर 2022 में 4-1 और 2023 में 4-2 से वेल्स को हराया। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह डिफेंडर और ड्रैग फ्लिकर के रोल में खेलते हैं। वे टीम के टॉप गोल स्कोरर हैं। उन्होंने 264 मैचों सबसे ज्यादा



220 गोल किए हैं। उनके अलावा मिडफील्डर मनप्रीत सिंह और फॉर्वर्ड अभिषेक पर भी निगाहें होंगी।

वेल्स की टीम काफी हद तक अपने को-कप्तान गैरेथ फर्लोंग पर निर्भर है। वे पेनल्टी कॉर्नर स्पेस्लिस्ट और बेहतरीन ड्रैग फ्लिकर हैं। उनके नाम 166 मैचों में 113 गोल हैं। 8 भारतीय पहली बार वर्ल्ड कप खेलेंगे भारत 20 खिलाड़ियों के स्क्वाड के साथ टूर्नामेंट में उतरा है। टीम में 8 खिलाड़ी ऐसे हैं, जो पहली बार वर्ल्ड कप खेलेंगे। इसके अलावा डिफेंडर यशदीप सिवाच के लिए यह वर्ल्ड कप और खास है। वे अपना पहला वर्ल्ड कप उस देश में खेलने जा रहे हैं, जहां उनकी मां प्रीतम सिवाच ने भारत के लिए वर्ल्ड कप खेला था।

वहीं भारत पहली बार टूर्नामेंट में दिग्गज गोलकीपर पी श्रीजेस के बिना उतरेगा। उन्होंने पेरिस ओलिंपिक के बाद संन्यास ले लिया था। टीम के दोनों गोलकीपर सूरज करकेरा और मोहित एचएस पहली बार वर्ल्ड कप में खेलेंगे।

**दोनों टीमों का स्क्वॉड–** भारतः हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), मोहित एच.एस, सूरज करकेरा, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, यशदीप सिवाच, मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, नीलाकंता शर्मा, राजिंदर सिंह, आदित्य अर्जुन लालगे, मंदीप सिंह, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा। वेल्सः गैरेथ फर्लोंग (कप्तान), टोबी रेनॉल्ड्स-कॉटेरिल (गोलकीपर), राइस पेन (गोलकीपर), डेनियल किरियाकिडिस, ह्वेल जोन्स, अल्फ डिनी, जैकब ड्रेपर, रोडरी फर्लोंग, डेल हचिंसन, राइस ब्रैडशॉ, फ्रेड न्यूबोल्ड, गैरेथ ग्रिफिथ्स, बेन फ्रांसिस, निक मॉर्गन, जैक प्रिचर्ड, जोलियॉन मॉर्गन, सैम वेल्श, जॉनी फ्लेक, जेम्स टायसन, लियाम बार्कर।

## भारत-श्रीलंका टेस्ट के पहले दिन 90% बारिश के आसार:गॉल में 50वां मैच

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच आज से गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। हालांकि मैच के पहले दिन यहां 90% बारिश की संभावना बताई गई है। मौसम वेबसाइट एक्यूवेदर के अनुसार मुकाबले के पांचों दिन बारिश हो सकती है। शनिवार को गॉल में सुबह से ही बारिश होने लगेगी। मैच सुबह 10 बजे से शुरू होना है। गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में 50वां टेस्ट मैच खेला जा रहा है। अब तक खेले गए 49 मैचों में इस मैदान की पिच स्पिनर्स को सपोर्ट करती रही है। 26 मैच पहले बैटिंग करने वाली टीम ने जीते हैं, जबकि 16 मैच पहले बॉलिंग करने वाली टीम ने जीते हैं। श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने बताया कि इस मैच की पिच में नमी रह गई है और स्पिन कम होगी। कप्तान शुभमन गिल सहित 12 खिलाड़ियों के पास श्रीलंका में खेलने का अनुभव नहीं है। सिर्फ केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के पास गॉल स्टेडियम में टेस्ट खेलने का अनुभव है। कुलदीप ने इकलौता टेस्ट पल्लकेले में खेला है। भारतीय बल्लेबाज 2021 के बाद से स्पिनर्स के खिलाफ स्ट्रगल कर रहे हैं। अधिकतर बल्लेबाज नए हैं। ऐसे में भारतीय बैटर्स के सामने सबसे बड़ा चैलेंज स्पिन ट्रैक पर बल्लेबाजी होगा। जसप्रीत बुमराह, वॉशिंगटन सुंदर, साई सुदर्शन और हर्षित राणा जैसे रेग्युलर प्लेयर्स चोटिल हैं। सारांश जैन और गुरनूर बरार जैसे नए प्लेयर्स को मौका मिला है। भारतीय टीम ने श्रीलंका के खिलाफ 46 मैच खेले हैं। इनमें से 22 में जीत मिली है, जोकि 48% है। 7 में हार झेलनी पड़ी है। 17 मैच ड्रॉ रहे हैं। श्रीलंकाई पिचों में भारत की जीत का रिकॉर्ड 38% है। टीम ने श्रीलंकाई में 24 मैच खेले हैं। उसे 9 में जीत और 7 में हार मिली है। 8 मैच ड्रॉ रहे हैं। कप्तान शुभमन गिल ने कहा– '600वें टेस्ट में टीम की कप्तानी करना सम्मान की बात है। डब्ल्यूटीसी में वापसी के लिए भारत को करीब 6-7 टेस्ट जीतने की जरूरत है।' गिल ने कहा– प्लेयर्स के लिए अलग-अलग परिस्थितियों में तुरंत ढलना आसान नहीं होता। टेस्ट सीरीज से पहले एक सप्ताह से 10 दिन की तैयारी मिलना काफी मददगार होता है।'

## ऑस्ट्रेलिया की उपकप्तान गार्डनर पर चीटिंग के आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› एश्ले

ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की उपकप्तान एश्ले गार्डनर पर चीटिंग के आरोप लगे हैं। उनकी पूर्व पत्नी मोनिका राइट ने उन पर साथी खिलाड़ी जॉर्जिया वोल के साथ संबंध में होने का आरोप लगाया है। राइट ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पर कार्रवाई नहीं करने और गार्डनर को उपकप्तान बनाए रखने की आलोचना की थी। दोनों ने 2025 में शादी की थी। शादी करीब एक साल ही चल पाई। दोनों ने तलाक फाइल कर रखा है। आरोप के बावजूद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गार्डनर को महिला टीम की उपकप्तान बनाए रखा है। इस पर उएड टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा- बोर्ड स्तर पर इस मुद्दे पर चर्चा हुई। बोर्ड ने इस बारे में अपडेट मांगा था, जो हमने दिया। ग्रीनबर्ग ने कहा- इसका नतीजा यह रहा कि बोर्ड गार्डनर के उपकप्तान पद पर बने रहने का पूरा समर्थन करता है। गार्डनर को इस भूमिका के लिए नियुक्त किया गया था और बोर्ड उनके लिए बहुत ऊंचा सम्मान रखता है। ग्रीनबर्ग ने साफ किया कि उपकप्तान के तौर पर गार्डनर वोल के प्लेइंग-11 या टीम में चयन को लेकर खिलाड़ी या चयनकर्ताओं से कोई बातचीत नहीं कर सकेंगी।

# नारनौल की इशिता यादव का भारतीय टीम में चयन

### एशियन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में दिखाएंगी दमखम

ब्रह्मास्त्र ›› नारनौल

महेंद्रगढ़ जिले में नारनौल की पुरानी मंडी निवासी युवा खिलाड़ी इशिता यादव का चयन एशियन ओपन शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप-2026 के लिए भारतीय टीम में हुआ है। इशिता 17 से 20 अगस्त तक उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित होने वाली इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता में एशिया के 15 देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे।

इशिता यादव ने अपनी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास के दम पर यह उपलब्धि हासिल की है। वह शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग के साथ-साथ स्केटिंग की भी राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी हैं, उनके चयन से जिले में खुशी का माहौल है और खेल प्रेमियों ने इसे क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताया है। इशिता ने अपनी सफलता का श्रेय पिता इंद्रजीत यादव, माता माधुरी यादव, कोच फिलिप्स सर, दादा हुक्म सिंह, दादी वीरमती देवी तथा गुदड़ी वाले हनुमान के आशीर्वाद



को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार और कोच के लगातार सहयोग व मार्गदर्शन से ही वह इस मुकाम तक पहुंच सकी हैं।

परिवार के सदस्यों राव मूलचंद यादव, होशियार सिंह, अजीत यादव, सुरभि यादव और रामरती देवी सहित अन्य परिजनों व शुभचिंतकों ने इशिता को बधाई देते हुए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। इशिता का भारतीय टीम में चयन न केवल उनके खेल जीवन की बड़ी उपलब्धि है, बल्कि जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। अब सभी को उम्मीद है कि वह एशियन चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और हरियाणा का नाम रोशन करेंगी।

## खबर एक नजर...

### दाऊदखेड़ी में अवैध शराब बेचने आया युवक पकड़ाया

**उज्जैन।** दाऊदखेड़ी क्षेत्र में आरटीओ के पास दीवार की आड़ में अवैध शराब बेचने के लिये खड़े युवक की खबर मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस ने घेराबंदी की। युवक ने पुलिस को देख 2 झोले छोड़कर भागने का प्रयास किया, लेकिन पहले से घेराबंदी होने पर युवक भागने में नाकाम रहा और पकड़ा गया। आरक्षक लोकेश प्रजापति, कमल पटेल, पुष्पराजसिंह विमल के 2 झोले में भरी शराब बरामद कर युवक को थाने लेकर आये। जहां पूछताछ में उसका नाम शक्तिसिंह पिता मांगीलाल सोलंकी 40 वर्ष, निवासी कमला नेहरू नगर नानाखेड़ा सामने आया। आरक्षक लोकेश प्रजापति ने बताया कि आरोपी से अवैध देशी शराब के 310 क्वार्टर बरामद किये गये है। मामले में आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

### जंतर-मंतर के पास मिली 5 साल की बालिका

**उज्जैन।** जंतर-मंतर के पास गुरूवार-शुक्रवार रात 5 साल की बालिका के अकेले दिखाई देने की खबर नीलगंगा थाना पुलिस की एफआरवी को मिली तो आरक्षक देवेन्द्र ओझा मौके पर पहुंचे। बालिका को सुरक्षित संरक्षण में लिया गया और थाने लाकर पूछताछ की गई। बालिका ठीक ने परिजनों के संबंध में जानकारी नहीं दे पा रही थी। पुलिस ने कंट्रोलरूम पर सूचना देकर जिले की थाना पुलिस को प्रसारण कराया। कुछ देर बाद पता चला कि बालिका उत्तरप्रदेश के जौनपुर के ग्राम करियाव की रहने वाली है और परिवार के साथ महाकाल दर्शन करने आई थी। भीड़ में बिछड़ने पर परिवार भी उसकी तलाश कर रहा है। नीलगंगा पुलिस ने तत्काल परिजनों से संपर्क किया और परिजनों को थाने बुलाया। पिता रविशंकर हलवाई थाने पहुंचे और बताया कि मंदिर के पास न्यू गुजराती समाज धर्मशाला में ठहरे है। पुत्री दिसी भीड़ में बिछड़ गई थी, उसी मंदिर के आसपास तलाश कर रहे थे। बालिका के सकुशल मिलने पर परिवार ने पुलिस का आभार माना।

### बंधक मकान पर कब्जा करने वाले पर केस दर्ज

**उज्जैन।** महिदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेमल्या में सूर्योदय फायनेंस लिमिटेड द्वारा लोन किश्त जमा नहीं करने पर मकान को कानूनी प्रक्रिया के बाद अपने कब्जे में ले लिया था। लेकिन कुछ माह पहले बैंक बंधक मकान का ताला तोड़कर नागूलाल ने कब्जा कर लिया। फायनेंस कंपनी को जानकारी लगी तो बंधक मकान पर कब्जा करने की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई गई। पुलिस ने नागूलाल के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। बताया जा रहा है कि नागूलाल ने कुछ साल पहले मकान पर लोन लिया था। किश्त जमा नहीं करने पर फायनेंस कंपनी ने सामान सहित मकान को अपनी कस्टडी में ले लिया था।

### लॉक तोड़ बदमाशों ने चुराई घर बाहर खड़ी बाइक

**उज्जैन।** ग्राम मकडावन में रहने वाले भारत पिता लालू चौधरी ने अपनी बाइक क्रमांक एमपी एमपी 13 झेडझेड 1325 घर के बाहर लॉक लगाकर खड़ी की थी। वह 2 दिनों के लिये बाहर चला गया था, वापस लौटने पर बाइक दिखाई नहीं दी। अज्ञात बदमाश लॉक तोड़कर बाइक ले गये थे। इंगोरिया थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया और गांव के आसपास तलाश कराई, नहीं मिलने पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### गरोठ हाईवे पर गाय की मौत के बाद हंगामा

**उज्जैन।** चिमनगंज थाना क्षेत्र के गरोठ हाईवे पर शुक्रवार रात गाय की मौत का मामला सामने आने के बाद हंगामे की स्थित बन गई। पुलिस ने नगर निगम की मदद से गाय को मार्ग से उठाया और पोस्टमार्टम के लिये पशु चिकित्सक की तलाश में घूमती रही। चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि रात में गरोठ हाईवे पर विचरण करती गाय का बस ने टक्कर मार दी थी। गाय घायल हो गई थी उसी दौरान तेजगति से निकली 2 कारों ने भी गाय को टक्कर मार दी। जिसके चलते गाय की मौत हो गई। कुछ देर में लोगों की भीड़ जमा हो गई और हंगामे की स्थिति निर्मित हो गई। सूचना मिलने ही पुलिस टीम गरोठ हाईवे पर पहुंची और पशु चिकित्सक को बुलाने के प्रयास किये गये, काफी देर तक पशु चिकित्सक मौके पर नहीं आये तो मामला फिर से गरमाने लगा। तत्काल नगर निगम का वाहन बुलाया गया और गाय को पोस्टमार्टम के लिये पशु चिकित्सालय के लिये रवाना किया गया। पशु चिकित्सक के नहीं मिलने पर पुलिस एक टीम उनकी तलाश में निकली थी।

### 52 दिन बाद गिरफ्त में आया दुष्कर्म का आरोपी

**उज्जैन।** नाबलिग को अकेला पाकर घर में घुसकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 52 दिन बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। घट्टिया तहसील के पानबिहार चौकी स्थित गांव में 22 जून को कुल्फी बेचने आये युवक ने नाबालिग को घर में अकेला देखा तो पानी मांगने के बहाने पहुंचा। 14 वर्षीय बालिका पानी लेने के लिये अंदर गई तो युवक घर में घुस गया और दरवाजा बंद कर नाबालिग के साथ गलत काम किया। आरोपी किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला था। घटना के समय नाबालिग के परिजन मजदूरी पर गये थे। जिनके लौटने पर मामला सामने आया तो परिजनों ने पानबिहार चौकी पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपी की लगातार तलाश कर रही थी। 52 दिन बाद पता चला कि कुल्फी बेचने वालो आरोपी ग्राम बच्चूखेड़ा यात्री प्रतिक्षालय के पास के आसपास दिखाई दिया है। चौकी प्रभारी जयंत डामोर टीम के साथ घेराबंदी के लिये पहुंचे और उसे हिरासत में लिया। आरोपी ग्राम रणाहेड़ा का रहने वाला राहुल होना सामने आया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 688-2 | 114-6 |
| मेन बाजार | 568-9 | 670-3 |
| मिलन डे | 228-2 | 129-2 |
| मिलन नाइट | 156-2 | 269-7 |

2 6 7

---

गगूल पर होटल का नबंर सर्च करना पड़ा भारी

# प्रापर्टी ब्रोकर्स के साथ 3.48 लाख की ठगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

होटल में रूम बुक करने के लिये प्रापर्टी ब्रोकर्स ने गूगल पर नम्बर सर्च किया। इंदौर की सियाजी होटल का नम्बर मिलने पर कॉल किया, रूम बुकिंग के नाम पर कॉल रिसिव करने वाले ने क्रेडिट कार्ड के चार अंक मांगे। उसके बाद खाते से 3.48 लाख का ट्रांजेक्शन हो गया। ऑनलाइन शिकायत के बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के राजनगर में रहने वाले मनीष पिता स्व. प्रकाशचंद्र कोठारी प्रापर्टी ब्रोकर्स है। 2 अगस्त को उन्होने गूगल पर इंदौर में होटल रूम बुक कराने के लिये नम्बर सर्च किया। होटल सियाजी का नम्बर मिलने पर कॉल किया तो बताया गया कि रिशेप्शन पर बात कराई जा रही है। रूम बुक हो जायेगा। रिशेप्शन पर बात के दौरान उनसे ऑनलाइन पेमेंट देने की बात कहीं। मनीष कोठारी ने क्रेडिट कार्ड से बुकिंग चार्ज देने की बात कहीं। उनके से क्रेडिट कार्ड के अंत में दर्ज चार नम्बर मांगे गये। उन्होने नम्बर दिये तो कहा कि ओटीपी आयेगा, उसे बताना होगा। ओटीपी बताते ही मनीष कोठारी के खाते से 2 बार में 1.49 लाख और 1.54 लाख का ट्रांजेक्शन कर लिया गया। खाते से ऑनलाइन फ्रॉड होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नम्बर 1930 पर शिकायत की गई। जहां से मामला चिमनगंज थाना पुलिस के पास पहुंचने पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है।



### कृषि विस्तार अधिकारी के साथ ठगी

नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के महाकाल वाणिज्य केन्द्र में किराये से रहने वाली ग्वालियर की पूनम पिता गणेशप्रसाद दुबे 24 साल उज्जैन में कृषि विस्तार अधिकारी है। 19 से 27 जुलाई के बीच उनके साथ साइबर ठगों ने ऑनलाइन फ्रॉड करते हुये खाते से 3.54 लाख से अधिक का ट्रांजेक्शन कर लिया। उन्होने साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत की थी। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि मामला थाने पहुंचने पर कृषि विस्तार अधिकारी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

## मल्लखम्ब पर पिरामिंट बनाकर तिरंगा झंडा फहराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर संस्था द्वारा विशेष कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें संस्था के बच्चों द्वारा रोप मल्लखंब व मल्लखम्ब पर पिरामिंट बनाकर तिरंगा झंडा फहराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप वरिष्ठ पत्रकार अशोक देवड़ा, वरिष्ठ पत्रकार हीना तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश सोलपंखी, पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री अपूर्व देवड़ा, संस्था के सचिव व कोच संतोष सोलकी, संस्था उपाध्यक्ष सपना माली द्वारा स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

स्टेशनरी संचालक ने बताया था महिला का विदेशी एजेंट

# नौकरी का झांसा देकर 4 से ठगे 26.27 लाख

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन


4 माह तक यूरोप में नौकरी दिलाने का झांसा देकर स्टेशनरी संचालक ने 4 लोगों से 27.26 लाख की ठग लिये। उसने महिला मित्र को विदेशी एजेंट बताकर बात भी कराई थी। पुलिस ने लम्बी जांच प्रक्रिया के बाद मामले में धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

चिमनगंज थाना एसआई जयदीप राठौर ने बताया कि कमल कालोनी में रहने वाले बादल पिता भूपेन्द्र टंकारिया, पवित्र पिता जितेन्द्रसिंह कुशवाह, धीरज पिता शत्रुघनसिंह कुशवाह और जितेन्द्र पिता शत्रुघनसिंह कुशवाह निवासी सांदीपनी नगर ढांचा भवन की शिकायत पर यूरोप में नौकरी दिलाने के नाम पर खंडेलवाल नगर में रहने वाले अमित पिता विजय जैन और उत्तरप्रदेश निवासी फलक निसार हुसैन के खिलाफ 26.27 लाख की धोखाधड़ी करने का प्रकरण धारा 318 (4), 316 (2), 3 (5) में दर्ज किया गया है। बादल टंकारिया ने बताया कि वह ड्रायवरी का काम करता है। उसके पिता के परिचित अमित जैन ने बताया था कि उसकी महिला मित्र फलक विदेशी एजेंट है और यूरोप में नौकरी दिलाने का काम करती है। अमित ने उसका वीजा लिया और नौकरी दिलाने के नाम पर 7.50 लाख रुपए लिये। नौकरी होटल मैनेजमेंट में लगवाने की बात कहीं गई थी और वेतन यूरो में मिलना बताया था। सितंबर 2025 में बात के बाद रुपए दिये गये थे, लेकिन दिसंबर तक नौकरी नहीं दिलवाई। उसने खुद भी यूरोप चलने की बात कहीं थी। महिला मित्र फलक से बात भी कराई थी। जनवरी में अमित जैन लापता हो गया। फलक से बात की गई तो उसने बताया कि अमित ने उसे अब तक पैसे नहीं भेजे है। वीजा जरूर भेजा है जो उसके पास है। वापस चाहिये तो उसके पैसे देना होगें। अमित के लापता होने पर उसके परिजनों से संपर्क किया तो पता चला कि वह काफी समय से बाहर गये हुये है। संपर्क नहीं हो रहा है। उनकी मां बीमार है। अमित की जानकारी जुटाने पर पता चला कि उसने कुशवाह परिवार के तीन सदस्यों से भी नौकरी दिलाने के नाम पर 20 लाख लिये है। एसआई राठौर के अनुसार मामले में अमित जैन के परिवार से संपर्क कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। उसके हिरासत में आने पर उसकी महिला मित्र के संबंध में सही जानकारी सामने आ पायेगी।




### कई लोगों से ठग चुका है लाखों रुपए

बादल टंकारिया ने बताया कि वह 8 माह से शिकायत दर्ज कराने के लिये परेशान हो रहा था, इस दौरान पता चला कि अमित जैन ने जहां नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी की है वहीं स्टेशनरी दुकान के नाम पर भी कई लोगों हजारों रुपए उधार ले चुका था। कई लोग उसकी तलाश कर रहे है। वह कई लोगों के साथ धोखाधड़ी कर फरार हुआ है। उसके घर वाले भी सही जानकारी नहीं दे रहे है। अमित के हिरासत में आने पर उसकी धोखाधड़ी का शिकार कई लोग सामने आ सकते है।




## गिरफ्त में पहलवान बताकर हफ्ता मांगने वाले बदमाश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन। पांच बदमाशों ने खुद को महिदपुर का दादा-पहलवान बताकर परिवार से कहा था कि महिदपुर में रहना है तो हफ्ता देना होगा। परिवार की महिला ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने 3 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। 2 फरार है, जिनकी तलाश जारी है। थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 8 अगस्त को बारा पत्थर क्षेत्र में रहने वाली अफरोजा बी पति अंसार अली 45 साल ने शिकायत दर्ज कराई थी जाकिर उर्फ पेठा पिता मुख्तियार अली कोठार निवासी महिदपुर, शेहजाद पिता शेर अली निवासी इन्द्रा कालोनी, अनिस पिता सगीर खान बडगाँव, इम्तियाज अली पिता शेर अली और गम्पु पिता शेर अली कोठार महिदपुर ने घर आकर स्वयं को महिदपुर का दादा पहलवान बताकर कहा कि महिदपुर में रहना है तो हफ्ते एक हजार रुपए देना होगें। रुपये देने से मना करने पर गाली-गलौच करते हुये मारपीट की है। मामले में पांचों बदमाशों के खिलाफ धारा 333, 119(1), 118(1), 115(2), 296(बी), 351(3),3(5) बीएनएस का प्रकरण दर्ज किया और तलाश शुरू की गई। गुरूवार रात बदमाशों में शामिल जाकिर उर्फ पेठा, शेहजाद अली और अनिस खान को गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों को शनिवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी के अनुसार तीनों बदमाश आदतन अपराधी है। जिनके खिलाफ पूर्व में कुल मिलाकर 33 अपराध दर्ज है। तीनों के फरार 2 साथियों की तलाश जारी है, जल्द उन्हे भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## मछलियों से हुई टुकड़ो में मिली लाश की पहचान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पिपलोदा बागला स्टेशन पर बुधवार रात ट्रेन से कटने पर एक युवक की कई टुकड़ों में लाश जीआरपी ने बरामद की थी। घटनास्थल से 2 मछली मिली थी। मछली मिलने की बात गांव में फैली तो मृतक की पहचान हो गई। मृतक उत्तरप्रदेश का रहने वाला था। जीआरपी प्रधान आरक्षक राकेश वर्मा ने बताया कि बुधवार रात को वीरभूमि एक्सप्रेस ट्रेन से पिपलोदा बागला स्टेशन पर एक युवक की कटने से मौत होने की सूचना मिली थी। घटनास्थल पर लाश के कई टुकड़े मिले थे, लेकिन पहचान का कोई दस्तावेज नहीं था। शव को चादर में लपेटकर चरक अस्पताल भेजा गया था। पुलिस को घटनास्थल पर जांच के दौरान 2 मछलियां मिली थी, इस बात की खबर गांव में फैली तो सामने आया कि मृतक रामनाथ पिता रवेंद्र सहानी 42 साल हो सकता है, जो मूलरूप से उत्तरप्रदेश के देवरिया का रहने वाला है।




### छत्तीसगढ़ के मजदूर ने लगाई फांसी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

ईंट भट्टे पर काम करने वाले छत्तीसगढ़ के मजदूर ने गुरूवार-शुक्रवार रात फांसी लग ली। साड़ी के फंदे पर उसका शव लटका मिला। महाकाल पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया ने बताया कि रात में खबर मिली थी कि ग्राम गौंसा मार्ग रंजीत हनुमान मंदिर के पास अशोक प्रजापत के भट्टे पर बन कमरे में मजदूर राजकुमार पिता मंत्रीराम 35 साल का शव साड़ी के फंदे से लटका हुआ है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com